Job seekers and recruiters need accurate job classifications in this era of online job recruitment. The most critical part of the numerous steps recruiting process is classifying resumes that can save and limit paperwork and human errors. The candidate's personality is one of the most crucial elements when considering the professional success of the organization. In this paper, personality can be detected using K-Means Clustering Machine Learning (ML) Algorithm. When an appropriate personality is detected resume will be passed to the system as input in PDF format. Using Random Forest Classification Algorithm resume is classified based on percentage matched to the job title. This process results in the immediate selection of applicants. In addition to the

resume classification this paper will also help to analyze the impact of varying cluster size and size of data sets of K-Means and Random Forest (RF) Algorithms on resume classification. The impact of testing various cluster sizes and data sets on K-Means and Random Forest Algorithm results in the optimal configuration of accurate resume classification, which improves the recruitment process. This experimental study, results shows 70% accuracy and possible to improve further by using ensemble learning technique or Linear Support Vector Classifier (SVC).

मुख्य शब्द : बायोडाटा, बायोडाटा वर्गीकरण, नौकरी चाहने वाले, भर्तीकर्ता, वर्गीकरण, क्लस्टरिंग, मशीन लर्निंग (एमएल), के–मीन्स, रैंडम फॉरेस्ट (आरएफ), डेटा सेट।

Keywords: Resume, Resume classification, job seekers, recruiters, Classification, Clustering, Machine Learning, K-Means, Random Forest, data sets.

परिचय

बायोडाटा एक ऐसा दस्तावेज है जो कर्मचारी की शैक्षणिक योग्यता, कार्य अनुभव, क्षमताओं और उपलब्धियों के बारे में संक्षिप्त जानकारी देता है। नौकरी चाहने वाला व्यक्ति, नौकरी के नए अवसरों की खोज करता है। दूसरी ओर, भर्तीकर्ता संगठन में नौकरी की रिक्तियों को भरने के लिए जिम्मेदार होता है, जो उम्मीदवार के अपेक्षित कौशल की खोज करता है। नौकरी खोजने की प्रक्रिया में बायोडाटा का मुख्य रूप से उपयोग किया जाता है। नियोक्ता को नौकरी चाहने वालों की क्षमता का परिचय देने के लिए बायोडाटा आवश्यक है। कुशलतापूर्वक संरचित बायोडाटा उम्मीदवार को भीड़ में अलग दिखने में मदद करता है। थोक में भर्ती करते समय, संगठन को कई संसाधनों की आवश्यकता होती है। भर्ती की पूरी प्रक्रिया समय लेने वाली साबित हो रही है। नियोक्ताओं को इंटरव्यू आयोजित करने के लिए विभिन्न स्थानों की यात्रा करनी पड़ती है, और इंटरव्यू देने वाले आवेदकों की विशेषताओं को याद रखना असंभव है। इसका समाधान बायोडाटा वर्गीकरण है [1]। बायोडाटा वर्गीकरण का उपयोग करते हुए, बायोडाटा को कुछ विशेषताओं के आधार पर वर्गीकृत किया जाता है, जो चयन प्रक्रिया को व्यवस्थित करता है। बायोडाटा का वर्गीकरण ML तकनीक का उपयोग करके किया जाता है। ML आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) का एक हिस्सा है जो चयन प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने में मदद करता है। AI एक ऐसी तकनीक है जो स्मार्ट मशीनें बनाती है जो इंसान की तरह काम करती है। इसे हल करने के लिए शैक्षिक योग्यता, कार्य अनुभव, क्षमताओं और उपलब्धियों के अनुसार स्वचालित रूप से बायोडाटा को स्क्रीन करने के लिए विभिन्न मशीन लर्निंग एल्गोरिथ्म का उपयोग किया जाता है। यह स्वतंत्र रूप से सत्यापन करके पक्षपात को कम करने में मदद करता है। वर्गीकरण और क्लस्टरिंग, ML में दो महत्वपूर्ण तकनीकें हैं [2]। वर्गीकरण सुपरवाइज्ड लर्निंग की तकनीक है जबकि क्लस्टरिंग अनसुपरवाइज्ड लर्निंग की तकनीक है। वर्गीकरण लेबल किए गए डेटा सेट पर आधारित है जहां आउटपुट श्रेणी ज्ञात है। एक डेटा सेट में विभिन्न प्रकार के डेटा शामिल होते हैं जिनमें टेक्स्ट या छवि, संख्यात्मक डेटा आदि शामिल होते हैं जो आकार के अनुसार भिन्न होते हैं। क्लस्टरिंग का उद्देश्य डेटा में छिपे हुए पैटर्न या संरचनाओं का पता लगाना है। इस शोध पत्र का उपयोग प्रशिक्षण डेटा सेट की पहचान करने, उसी डेटा को मॉडल में पास करने के लिए किया जाता है जो के–मीन्स और रैंडम फॉरेस्ट जैसे मशीन लर्निंग एल्गोरिथ्म को लागू करके डेटा को उचित रूप से वर्गीकृत करता है। इसे प्राप्त करने के लिए, क्लस्टर आकार, प्रशिक्षण और परीक्षण डेटा सेट और विभिन्न मशीन लर्निंग एल्गोरिथ्म जैसे विभिन्न कारकों की पहचान करने के लिए कठोर साहित्य अध्ययन किया जाता है। इस प्राथमिक शोध में इस बात पर विचार किया गया कि कैसे एचआर, एडवोकेट,

आर्ट्स, वेब डिजाइनिंग, मैकेनिकल इंजीनियर, सेल्स, डेटा साइंटिस्ट आदि नौकरी शीर्षक श्रेणियों का उपयोग विश्लेषण और बायोडाटा को उपयुक्त श्रेणी में परीक्षण करने के लिए किया जाता है। इसके अलावा अतिरिक्त कार्य भूमिकाओं पर विश्लेषण करना संभव है। शोध पत्र में निम्नलिखित शीर्षक शामिल हैं: दूसरे शीर्षक में साहित्य सर्वेक्षण की व्याख्या की गई है। तीसरे शीर्षक में प्रस्तावित प्रणाली और कार्यप्रणाली को सिस्टम आर्किटेक्चर के साथ समझाया गया है। चौथे शीर्षक में अलग–अलग क्लस्टर आकार और डेटासेट द्वारा बायोडाटा वर्गीकरण पर के–मीन्स और रैंडम फॉरेस्ट के प्रभाव विश्लेषण के परिणाम पर चर्चा की गई है।

साहित्य सर्वेक्षण

[3] में, रिज्यूमे की स्क्रीनिंग के लिए एक वेब एप्लिकेशन जो 220 रिज्यूमे का उपयोग करता है – 200 प्रशिक्षण के लिए और 20 परीक्षण के लिए। आवेदक–पक्ष, सर्वर साइड और भर्तीकर्ता–पक्ष वेब एप्लिकेशन के घटक हैं। आवेदक अपने बायोडाटा को आवेदक पक्ष पर स्रोत करते हैं, जिसे SpaCy और NLP फ्रेमवर्क का उपयोग करके प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण (NLP) पाइपलाइन द्वारा सर्वर साइड पर संसाधित किया जाएगा। भर्तीकर्ता, पद के लिए सर्वश्रेष्ठ उम्मीदवार का चयन करने के लिए बायोडाटा रैंक सूची प्रदर्शित की जाती है और स्कोर कैलकुलेटर द्वारा निर्देशित की जाती है। [4] में, इंटेलीजेंट डेटा प्रोसेसिंग के लिए एक मशीन–लर्निंग तकनीक का उपयोग संगठनात्मक उद्देश्यों के लिए किया है। लीनियर डिस्क्रिमिनट एनालिसिस, नाइव बेयस (NB), सपोर्ट वेक्टर मशीन (SVM), और के–नियरेस्ट–नेबर्स (KNN), लॉजिस्टिक रिग्रेशन (LR), RF, एडाबूस्ट (AdaBoost) और डिसीजन ट्री (DT) विधियों का उपयोग किया है। यह शोध पत्र विविध संगठनात्मक रणनीतियों के बारे में निश्चित जानकारी प्रदान करता है। [5] में, प्रारंभिक एक उम्मीदवार द्वारा अपना बायोडाटा अपलोड करना है। इस दस्तावेज को संपादन की आवश्यकता है क्योंकि यह अधूरा और अव्यवस्थित है। कई मॉड्यूल डेटा मॉड्यूल, मॉडल प्रशिक्षण मॉड्यूल और परीक्षण मॉड्यूल के रूप में पेश किए गए थे। इंटरनेट से लिंक्डइन प्रोफाइल यूआरएल (URL) का उपयोग करके सेलेनियम के माध्यम से उन्हें आगे बढ़ाना है, जो प्रासंगिक फील्ड की पहचान करेगा और डेटा रिकॉर्ड करेगा। इस प्रकार डेटा मॉड्यूल काम करता है। [6] में, यह प्रणाली तीन चरणों पर आधारित है। पहला चरण पूर्वानुमान लगाना है। मूल्यांकन मैट्रिक्स का उपयोग करके उचित वर्गीकरण एल्गोरिथ्म चुनें, जो भविष्यवाणी करता है कि पंक्ति शीर्षक है या नहीं। दूसरा चरण खंड निष्कर्षण है, अगला शीर्षक प्रकट होने तक सभी जानकारी निकालता है। अंतिम चरण खंड वर्गीकरण है जो बायोडाटा में शामिल कौशल के आधार पर विवरण करता है। [7] में, NLP और ML तकनीकों का उपयोग भर्ती करने वालों को उचित प्रोजेक्ट सौंपने के लिए किया है। प्रशिक्षण में नामांकित इकाई पहचान (NER) दृष्टिकोण और LR और KNN कैटलॉगिंग जैसे कई सॉर्टिंग मॉडल पेश किए है। [2] में, निष्कर्ष प्राप्त करने के लिए DT, RF, गॉसियन नाइव बेयस (GNB), और KNN का उपयोग किया है। एल्गोरिथ्म को सत्यापित करने के लिए परिशुद्धता, सटीकता और रिकॉल के तीन उपायों का उपयोग किया है। KNN की सटीकता 93% है, RF की सटीकता 95% है, DT की सटीकता 96% है, और GNB की सटीकता 99% है। [1] में, बायोडाटा पीडीएफ फार्मेट में पास किया है। ऑप्टिकल कैरेक्टर रिकग्निशन (OCR) तकनीक का उपयोग करके बायोडाटा से टेक्स्ट निकाला है। यूजर डिफाइंड क्लीनिंग फंक्शन का उपयोग करके साफ और सादा पाठ प्राप्त किया जाता है। बायोडाटा का वर्ग प्रशिक्षित SVM क्लासिफायर के माध्यम से प्राप्त किया जाता है। अंतिम परिणाम प्राप्त करने के लिए बायोडाटा को समराइजर में पास किया जो टोकनाइजेशन पर आधारित है। [8] में, पहला मॉड्यूल रेज़्यूमे पार्सर है जो रेज़्यूमे से महत्वपूर्ण जानकारी निकालने के लिए NLP का उपयोग

करता है। दूसरा मॉड्यूल स्वचालित प्रश्न और उत्तर जनरेटर (AQG) है। इस मॉड्यूल का उपयोग करके ऑन्टोलॉजी यानी SE, QA, BA, सिस्टम इंजीनियर, नेटवर्क इंजीनियर उत्पन्न किया जाता है, फिर सिस्टम अगले चरण में Q&A तैयार करता है। अगले मॉड्यूल में सिमिलैरिटी कैल्कुलेशन, चेक कीवर्ड और कॉन्फिडेन्स क्लासिफिकेशन है और आउटपुट उत्पन्न होता है। [9] में, भावनाओं को निर्धारित करने के लिए सिमेंटिक विश्लेषण का उपयोग किया जाता है। स्ट्रिंग खोज की मदद से, ट्वीट निकाले जाते हैं और फिर उन्हें RF, SVM और NB का उपयोग करके तीन अलग–अलग श्रेणियों यानी सकारात्मक, नकारात्मक और तटस्थ में भावना विश्लेषण के लिए प्रस्तुत किया जाता है। साथ ही, यह शोध पत्र RF और SVM की सटीकता का अनुमान लगाता है। इसके अतिरिक्त, ट्वीट्स की संख्या बढ़ाकर RF, SVM और NB की सटीकता का अनुमान लगाया जाता है। मशीन लर्निंग एल्गोरिथ्म के पैरामीटर जैसे डेटासेट और क्लस्टर आकार पहले से तय होते हैं और यह केवल एक आउटपुट उत्पन्न करता है। इस शोध पत्र का मुख्य उद्देश्य पैरामीटर के मूल्यों में भिन्नता के आधार पर बायोडाटा वर्गीकरण पर विश्लेषण करना है।

प्रस्तावित प्रणाली और कार्यप्रणाली

इस शोध पत्र का उद्देश्य, व्यक्तित्व पहचान के साथ–साथ बायोडाटा वर्गीकरण का उपयोग करके नौकरी के लिए उपयुक्त उम्मीदवार ढूंढना है। व्यक्ति की पहचान में व्यक्तित्व अहम भूमिका निभाता है। पर्सनालिटी डिटेक्शन का उपयोग करके, कोई यह पता लगाने में सक्षम हो सकता है कि व्यक्ति नौकरी की भूमिका के लिए उत्तरदायी है या नहीं। पर्सनालिटी मॉड्यूल में OCEAN मॉडल का उपयोग किया जाता है जो पांच डाइमेंशन्स पर आधारित है– कर्तव्यनिष्ठा (Conscientiousness-C), खुलापन (Openness-O), सहमतता (Agreeableness-A), बहिर्मुखता (Extroversion-E), और न्यूरोटिसिज्म (Neuroticism-N)। इस मॉडल का उपयोग व्यक्ति के पर्सनालिटी का पता लगाने के लिए किया जाता है। [10] उदाहरण के लिए, डाइमेंशन्स (O) वाले व्यक्ति अक्सर फ्लेक्सिबल, अनुकूलनीय, खुले दिमाग वाला, इंटरैक्टिव, आदि। इस प्रणाली के विकास के लिए, उपलब्ध विभिन्न पायथन के साथ कार्यक्रम को समृद्ध करें। प्रायोगिक सेटअप के उद्देश्य से पायथन के संस्करण 3.11.3 का उपयोग किया गया है, साथ ही सिस्टम प्रोसेसर i5, 7th जनरेशन और 6GB रैम का उपयोग किया गया है। निम्नलिखित चित्र–1 प्रस्तावित सिस्टम फ्रेमवर्क दिखाता है, जिसमें दो मॉड्यूल शामिल हैं:

I) पर्सनालिटी का पता लगाना जिसमें निम्नलिखित चरण शामिल हैं:
   a) पर्सनालिटी इनफार्मेशन गैदरिंग
   b) डेटा प्री–प्रोसेसिंग
   c) डेटा संवर्धन
   d) पैटर्न पहचान
   e) पर्सनालिटी लक्षण की पहचान
   f) पर्सनालिटी प्रेडिक्शन

II) बायोडाटा वर्गीकरण में निम्नलिखित चरण शा. मिल हैं:
   a) डेटा एकत्रीकरण
   b) प्रशिक्षण डेटासेट पर टेक्स्ट वेक्टराइजेशन
   c) नौकरी शीर्षक लेबल एनकोडर
   d) pdf प्रारूप में इनपुट बायोडाटा
   e) डेटा प्री–प्रोसेसिंग
   f) परीक्षण डेटासेट पर टेक्स्ट वेक्टराइजेशन
   g) नौकरी शीर्षक भविष्यवाणी.

निम्नलिखित चरण प्रस्तावित सिस्टम फ्रेमवर्क को दर्शाते हैं:

(1) पर्सनालिटी इनफार्मेशन गैदरिंग (प्रश्नावली) (Personality Information Gathering (Questionnaire)): डेटासेट का उपयोग प्रश्नावली तैयार

करने के लिए किया जाता है जो उपयोगकर्ता से टेक्स्ट प्राप्त करता है। यह टेक्स्ट JSON फाइल में संग्रहीत है और यह डेटा स्ट्रक्चर यानी डेटाफ्रेम (DataFrame) का उपयोग करके JSON फाइल में संग्रहीत है जो पांडा (Pandas) लाइब्रेरी के अंतर्गत मौजूद है।

(2) डेटा प्री–प्रोसेसिंग (मिन–मैक्स स्केलर) (Data Pre-Processing (Min-Max Scalar)): मिन–मैक्स स्केलर का उपयोग डेटा प्रीप्रोसेसिंग के लिए किया जाता है। इसका उपयोग मूलतः सामान्यीकरण (Normalization) के लिए किया जाता है। इस प्रक्रिया में डेटाफ्रेम से सूची के रूप में डेटा प्राप्त होता है और मिन–मैक्स एल्गोरिथ्म इसे संसाधित करता है और तदनुसार परिणाम प्रदान करता है। मिन–मैक्स स्केलिंग का आउटपुट नया डेटासेट है जहां प्रत्येक सुविधा का मान 0 से 1 के बीच स्केल किया जाता है और सूची में संग्रहीत किया जाता है [1]।

(3) डेटा संवर्धन (क्लस्टर ऑप्टिमाइजेशन) (Data Enrichment (Cluster Optimization)): क्लस्टर ऑप्टिमाइजेशन तकनीक का उपयोग डेटा संवर्धन उद्देश्य के लिए किया जाता है। सिल्हूट स्कोर (Silhouette score) का उपयोग क्लस्टर ऑप्टिमाइजेशन के लिए किया जाता है। क्लस्टरों की इष्टतम संख्या ज्ञात करने के लिए, क्लस्टर ऑप्टिमाइजेशन का उपयोग किया जाता है। क्लस्टरों की संख्या (k) चुनने के लिए, k क्लस्टर ऑप्टिमाइजेशन का आवश्यक पहलू है। इस चरण के लिए इनपुट पिछली स्थिति से सूची (list) है और आउटपुट k का एकल मान है।

(4) पैटर्न पहचान (के–मीन्स क्लस्टरिंग) (Pattern Recognition (K-Means Clustering)): क्लस्टरिंग एल्गोरिथ्म के–मीन्स का उपयोग अक्सर पैटर्न पहचान के लिए किया जाता है। डेटा बिंदुओं का डेटा सेट और क्लस्टर की संख्या यानी k इस चरण के लिए इनपुट हैं। के–मीन्स एल्गोरिथ्म इसे प्रोसेस करता है और प्रत्येक डेटा बिंदु के क्लस्टर के लिए आउटपुट यानी लेबल उत्पन्न करता है। यह चरण के–मीन्स क्लस्टरिंग का उपयोग करके व्यक्ति के पर्सनालिटी की भविष्यवाणी करता है।

(5) पर्सनालिटी लक्षण की पहचान (क्लस्टर परिवर्तन तकनीक) (Personality Trait Identification (Cluster Varying Technique)): पिछला चरण निश्चित क्लस्टर आकार के लिए आउटपुट उत्पन्न करता है। यह चरण, क्लस्टर आकार को 2 से 14 तक बदलता है। प्रत्येक क्लस्टर आकार व्यक्तिगत आउटपुट उत्पन्न करता है और व्यक्ति के पर्सनालिटी की भविष्यवाणी करता है।

(6) पर्सनालिटी प्रेडिक्शन (आउटपुट) (Personality Prediction (Output)): यह चरण व्यक्ति के पर्सनालिटी की भविष्यवाणी करता है। आउटपुट उत्पन्न करने के लिए वे पिछले चरण में उत्पन्न अधिकतम पर्सनालिटी वैल्यू पर विचार करते हैं। अधिकतम पर्सनालिटी वैल्यू की गणना करके, पर्सनालिटी की भविष्यवाणी की जाती है।

(7) डेटा एकत्रीकरण (Kaggle डेटासेट) (Data Gathering (Kaggle Dataset)): कागल (kaggle) ओपन डेटासेट का उपयोग बायोडाटा वर्गीकरण उद्देश्य के लिए किया है। टेक्स्ट को Comma-Seperated Values (CSV) फाइल के रूप में संग्रहीत किया है। पांडा (Pandas) लाइब्रेरी का उपयोग CSV फाइल को पढ़ने के लिए किया है और इसकी सामग्री डेटाफ्रेम में संग्रहीत की जाएगी।

(8) प्रशिक्षण डेटासेट पर टेक्स्ट वेक्टराइजेशन (Tf-Idf वेक्टराइजेशन) (Text Vectorization on Training Dataset (Tf-Idf Vecrorization)): यह डेटाफ्रेम को इनपुट के रूप में लेता है। इस डेटाफ्रेम में वह टेक्स्ट है जिसे संख्यात्मक डेटा में बदलने की आवश्यकता है। यह scikit-learn लाइब्रेरी से Tf-Idf Vectorizer क्लास

का उपयोग करके किया जा सकता है। fit() मेथड निष्पादित होने के बाद Tfidf Vectorizer ऑब्जेक्ट को प्रशिक्षित किया जाता है।

(9) नौकरी शीर्षक लेबल एनकोडर (scikit-learn लाइब्रेरी) (Job Title Encoder (Scikit-learn library)): यह चरण सभी श्रेणीगत वैल्यू को संख्यात्मक वैल्यू में परिवर्तित करता है। पायथन (python) की scikit-learn लाइब्रेरी का उपयोग लेबल एन्कोडिंग उद्देश्य के लिए किया जाता है। Label Encoder क्लास की transform मेथड इनपुट के रूप में एक श्रेणीगत विशेषता लेती है और संख्यात्मक वैल्यू लौटाती है। इस चरण का आउटपुट प्रत्येक श्रेणीगत विशेषता के संख्यात्मक वैल्यू की सूची है।

(10) pdf प्रारूप में इनपुट बायोडाटा (PyPDF2 पायथन लाइब्रेरी) (Input Resume in PDF Format (PyPDF2 library)): इस चरण में, उपयोगकर्ता से pdf के रूप में बायोडाटा लें। PyPDF2 पायथन लाइब्रेरी का उपयोग pdf रिज्यूमे से कंटेंट निकालने के लिए किया जाता है और निकाले गए डेटा को अगले चरण में भेजा जाता है [6]।

(11) डेटा प्री–प्रोसेसिंग (टेक्स्ट एक्सट्रेक्शन तकनीक) (Data Pre-Processing (Text Extraction Technique)): ये चरण इनपुट के रूप बायोडाटा लेता हैं और विभिन्न टेक्स्ट एक्सट्रेक्शन तकनीकों का उपयोग करके प्री–प्रोसेसिंग किया जाता है। विराम चिह्न हटाने के लिए पायथन की 're' लाइब्रेरी का उपयोग किया जाता है। स्टॉपवर्ड्स को हटाने के लिए पायथन की NLTK लाइब्रेरी का उपयोग किया जाता है। प्री–प्रोसेसिंग तकनीक लागू करने के बाद बायोडाटा क्लीन होता है और आगे के चरण के लिए भेज दिया जाता है [1]।

(12) परीक्षण डेटासेट पर टेक्स्ट वेक्टराइजेशन (Tf-Idf वेक्टराइजेशन) (Text Vectorization on Testing Dataset (Tf-Idf Vectorization)): इस चरण में, Tf-IdfVectorizer का प्रशिक्षित ऑब्जे. क्ट transform() मेथड का उपयोग करके साफ किए गए रेज़्यूमे पर ट्रांसफॉर्म होता है। इस चरण का आउटपुट फीचर मैट्रिक्स है जिसका उपयोग आगे वर्गीकरण के लिए किया जाता है [5]।

(13) नौकरी शीर्षक भविष्यवाणी (RF क्लासिफायर) (Job Title Prediction (RF Classifier)): इस चरण में, पिकल लाइब्रेरी का उपयोग करके RF क्लासिफायर मॉडल को लोड करें। आगे के चरण में, predict() मेथड का उपयोग करके प्रशिक्षित मॉडल को क्लास लेबल का प्रेडिक्शन करने के लिए फीचर मैट्रिक्स पर लागू किया जाता है। रिवर्स एन्कोडिंग inverse–transform() मेथड का उपयोग करके भविष्यवाणी की जाती है यानी संख्यात्मक मान श्रेणीबद्ध मान में परिवर्तित होता है [3]।

प्रस्तावित प्रणाली के लिए निम्नलिखित एल्गोरिथ्म का उपयोग किया जाता है।

एल्गोरिथ्म 1 : पर्सनालिटी का पता लगाना

इनपुट : क्लस्टर की संख्या 'k', डेटासेट की संख्या 'x'

आउटपुट : प्रत्येक क्लस्टर को लेबल असाइन किया

चरण 1 : उपयोगकर्ता से Q और A प्रारूप में इनपुट लें और डेटाफ्रेम का उपयोग करके JSON फाइल में संग्रहीत करें।

चरण 2 : 0 से 1 के बीच रूपांतरित डेटा पर मिन–मैक्स स्केलिंग लागू करें।

चरण 3 : इनिशियल सेंट्रोइड के रूप में डेटासेट से k डेटा बिंदुओं की वैल्यू चुनें।

चरण 4 : प्रत्येक डेटा बिंदु को निकटतम माध्य (mean) वाले क्लस्टर को सौंपा जाना चाहिए।



चित्र 1: प्रस्तावित सिस्टम फ्रेमवर्क

चरण 5 : क्लस्टर mean को अपडेट करें।

चरण 6 : चरण 4 और 5 को तब तक दुहराएँ जब तक कि क्लस्टर अलोकेशन में कोई बदलाव न हो जाए।

चरण 7 : अंतिम सेंट्रोइड और क्लस्टर असाइनमेंट की वैल्यू लौटाएँ यानी प्रत्येक क्लस्टर को लेबल सौंपा गया।

एल्गोरिथ्म 2: बायोडाटा वर्गीकरण

इनपुट : फीचर्स का सेट

आउटपुट : प्रत्येक डेटा पॉइंट का लेबल

चरण 1 : उपयोगकर्ता से pdf रूप में इनपुट के रूप में बायोडाटा लें।

चरण 2 : स्टॉपवर्ड और विराम चिह्न हटाने के लिए NLTK लाइब्रेरी और रेगुलर एक्सप्रेशन का उपयोग करें।

चरण 3 : असंरचित रेज़्यूमे को क्लीन रेज़्यूमे में बदलने के लिए Tfidf Vectorizer अप्लाई करें।

चरण 4 : ट्री की संख्या स्पेसिफाय करके एक यादृच्छिक रैंडम फॉरेस्ट बनाएं।

चरण 5 : प्रशिक्षण डेटा पर मॉडल फिट करें।

चरण 6 : परीक्षण डेटा पर एक प्रेडिक्शन करें।

परिणाम और चर्चा

प्रस्तावित प्रणाली फ्रेमवर्क के तहत, व्यक्तित्व पहचान से संबंधित विभिन्न प्रश्नावली की पहचान की जाती है जिसके लिए प्रश्नावली को अंतिम रूप देने के लिए विभिन्न लेखों और पत्रिकाओं का उपयोग किया जाता है [10]। वेब प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए यह प्रश्नावली उपयोगकर्ता को उनके व्यक्तिगत लॉगिन के बाद प्रदान की जाती है। एक बार उपयोगकर्ता लॉग इन हो जाने पर, सभी श्रेणियों पर आधारित प्रश्नावली प्रदर्शित की जाएंगी। निम्नलिखित व्यक्तित्व पहचान वाली कुल पाँच श्रेणियाँ हैं: i) बहिर्मुखता (Extroversion), ii) मनोविक्षुब्धता (Neuroticism), iii) सहमतता (Agreeableness), iv) कर्तव्यनिष्ठा (Conscientiousness), अ) खुलापन (Openness)। प्रत्येक श्रेणी को व्यक्तिगत विशेषताओं के अनुसार पहचानने की आवश्यकता है। प्रत्येक श्रेणी के अंतर्गत 10 महत्वपूर्ण प्रश्नावली की पहचान की जाती है और उपयोगकर्ता को समान पैमाने के आधार पर प्रदान की जाती है। लाइकर्ट स्केल 1 से 6 तक है। लाइकर्ट स्केल का वैल्यू इस प्रकार दिया गया है: 1 अज्ञात, 2 आंशिक रूप से असहमत, 3 असहमत, 4 तटस्थ, 5 आंशिक रूप से सहमत और 6 सहमत। निम्नलिखित टेबल 1 प्रश्नावली प्रदान करता है।

टेबल 1 : व्यक्तित्व पहचान प्रश्नावली–आधारित प्राप्त नमूना इनपुट

वर्गी – करण	क्रम संख्या	प्रश्नावली	स्केल (1–>अज्ञात, 2–>आंशिक रूप से असहमत, 3–>असहमत, 4–>तटस्थ, 5–>आंशिक रूप से सहमत, 6–>सहमत)					
			1	2	3	4	5	6
बहिर्मुखता (Extroversion)	1	मैं पार्टी की जान हूँ।				■		
	2	मैं ज्यादा बात नहीं करता हूँ।			■			
	3	मैं लोगों के बीच सहज महसूस करता हूँ।				■		
	4	मैं पीछे रहता हूँ।				■		
	5	मैं बातचीत शुरू करता हूँ।				■		
	6	मेरे पास कहने को बहुत कम है।					■	
	7	मैं पार्टियों में कई अलग–अलग लोगों से बात करता हूँ।				■		
	8	मुझे अपनी ओर ध्यान आकर्षित करना पसंद नहीं है।				■		
	9	मुझे आकर्षण का केंद्र बनने से कोई परेशानी नहीं है।						■
	10	मैं अजनबियों के आसपास शांत रहता हूँ।						■

मनोविक्षुब्धता (Neuroticism)	1	मैं आसानी से तनावग्रस्त हो जाता हूँ।			■			
	2	मैं अधिकांश समय तनावमुक्त रहता हूँ।				■		
	3	मुझे चीजों की चिंता है।			■			
	4	मुझे शायद ही कभी दुःख महसूस होता है।			■			
	5	मैं आसानी से डिस्टर्ब हो जाता हूँ।		■				
	6	मैं आसानी से परेशान हो जाता हूँ।				■		
	7	मैं अपना मूड बहुत बदलता हूँ।		■				
	8	मेरा मूड बार–बार बदलता रहता है।		■				
	9	मैं आसानी से चिढ़ जाता हूँ।		■				
	10	मुझे अक्सर दुःख होता है।				■		
सहमतता (Agreeableness)	1	मुझे दूसरों के प्रति थोड़ी चिंता महसूस होती है।						■
	2	मुझे लोगों में दिलचस्पी है।						■
	3	मैं लोगों का अपमान करता हूँ।		■				
	4	मुझे दूसरों की भावनाओं से सहानुभूति है।						■
	5	मुझे दूसरे लोगों की समस्याओं में कोई दिलचस्पी नहीं है।			■			
	6	मेरा हृदय कोमल है।						■
	7	मुझे वास्तव में दूसरों में कोई दिलचस्पी नहीं है।				■		
	8	मैं दूसरों के लिए समय निकालता हूँ।						■
	9	मैं दूसरों की भावनाओं को महसूस करता हूँ।						■
	10	मैं लोगों को सहज महसूस कराता हूँ।				■		
कर्तव्यनिष्ठा (Conscientiousness)	1	मैं हमेशा तैयार रहता हूँ।						■
	2	मैं अपना सामान इधर–उधर छोड़ देता हूँ।			■			
	3	मैं विवरण पर ध्यान देता हूँ।						■
	4	मैं गड़बड़ी करता हूँ।		■				
	5	मैं काम जल्द ही कर लेता हूँ।				■		
	6	मैं अक्सर चीजों को उनके उचित स्थान पर वापस रखना भूल जाता हूँ।					■	
	7	मुझे अपने वरिष्ठ द्वारा दिया गया आदेश पसंद है।		■				
	8	मैं अपने कर्तव्यों से भागता हूँ।			■			
	9	मैं शेड्यूल का पालन करता हूँ।						■
	10	मैं अपने काम में सटीक हूँ।					■	

खुलापन (Openness)	1	मेरे पास एक समृद्ध शब्दावली है।					■	
	2	मुझे अमूर्त विचारों को समझने में कठिनाई होती है।				■		
	3	मेरे पास एक ज्वलंत कल्पना है।				■		
	4	मुझे अमूर्त विचारों में कोई दिलचस्पी नहीं है।		■				
	5	मेरे पास बेहतरीन विचार है।						■
	6	मेरी कल्पनाशक्ति अच्छी नहीं है।		■				
	7	मैं चीजों को जल्दी समझ लेता हूँ।						■
	8	मैं कठिन शब्दों का प्रयोग करता हूँ।		■				
	9	मैं चीजों पर सोचने में समय बिताता हूँ।			■			
	10	मैं विचारों से भरा हूँ।						■

टेबल 2: क्लस्टर आकार 2 से 14 तक मॉड्यूल 1 का आउटपुट

क्लस्टर का आकार	व्यक्तित्व क्लस्टर	व्यक्तित्व प्रकार
2	क्लस्टर 1	अनुभव के लिए खुलापन (Openness to Experience)
3	क्लस्टर 2	अनुभव के लिए खुलापन (Openness to Experience)
4	क्लस्टर 1	अनुभव के लिए खुलापन (Openness to Experience)
5	क्लस्टर 3	अनुभव के लिए खुलापन (Openness to Experience)
6	क्लस्टर 3	अनुभव के लिए खुलापन (Openness to Experience)
7	क्लस्टर 3	अनुभव के लिए खुलापन (Openness to Experience)
8	क्लस्टर 4	अनुभव के लिए खुलापन (Openness to Experience)
9	क्लस्टर 4	अनुभव के लिए खुलापन (Openness to Experience)
10	क्लस्टर 2	अनुभव के लिए खुलापन (Openness to Experience)
11	क्लस्टर 1	अनुभव के लिए खुलापन (Openness to Experience)
12	क्लस्टर 10	अनुभव के लिए खुलापन (Openness to Experience)
13	क्लस्टर 4	अनुभव के लिए खुलापन (Openness to Experience)
14	क्लस्टर 3	अनुभव के लिए खुलापन (Openness to Experience)

टेबल 3: मॉड्यूल 2 का आउटपुट (डेटा सेट का आकार 100% से 40% तक)

डेटासेट का आकार	नौकरी शीर्षक	स्कोर
100%	डेटा वैज्ञानिक	50.0
60%	डेटा वैज्ञानिक	28.57
40%	डेटा वैज्ञानिक	14.29



चित्र 2: मॉड्यूल 1 का आउटपुट (क्लस्टर आकार 9)



चित्र 3: 100% डेटासेट पर विचार करते हुए मॉड्यूल 2 का आउटपुट

यह पाया गया है कि यदि क्लस्टर का आकार बदला, तब अधिकतम पहचाने गए व्यक्तित्व पर विचार किया जाता है। अधिकतम व्यक्तित्व मूल्य अगले स्तर के लिए लागू होता है। दूसरे मॉड्यूल में रेज़्यूमे वर्गीकरण में न केवल पीडीएफ प्रारूप में विभिन्न नौकरी चाहने वालों के रेज़्यूमे से इनपुट लिया जा रहा है, बल्कि स्वयं के व्यक्तित्व की पहचान के लिए मॉड्यूल 1 के तहत प्रदर्शन परिणाम पर भी विचार किया जाता है और संसाधित किया जाता है। अगली स्थिति पीडीएफ प्रारूप में सारांश इनपुट करना है। pdf फाइल को पढ़ने के लिए PyPDF2 लाइब्रेरी का उपयोग किया जाता है। अगला चरण प्री–प्रोसेसिंग है जो NLTK लाइब्रेरी और रेगुलर एक्सप्रेशन का उपयोग करके किया जाता है। एक बार बायोडाटा साफ हो जाने पर, Tfidf Vectorizer के प्रशिक्षित ऑब्जेक्ट का उपयोग करके इसे ट्रांसफॉर्म किया जाता है। यह फीचर मैट्रिक्स उत्पन्न करता है जो आगे के वर्गीकरण के लिए आवश्यक है। अगले चरण में, पिकल लाइब्रेरी का उपयोग होता है, आरएफ क्लासिफायर मॉडल को लोड करके और predict() विधि का उपयोग करके क्लास लेबल की भविष्यवाणी होती है। अंत में, संख्यात्मक मान को श्रेणीबद्ध मान में बदलने के लिए व्युत्क्रम–परिवर्तन() विधि का उपयोग होता है। प्रस्तावित प्रणाली चित्र 3 प्रदान करती है जो नौकरी शीर्षक भविष्यवाणी के आधार पर सारांश वर्गीकरण का ग्राफिकल आउटपुट है जो 100% डेटासेट पर विचार करता है। टेबल 3 समग्र टेबल को दर्शाती है जब डेटासेट का आकार 100% से 40% तक भिन्न होता है। चित्र 3 विभिन्न नौकरी शीर्षकों के लिए बायोडाटा का अलग–अलग स्कोर प्रदर्शित करता है। 100% से 40% के बीच डेटासेट का आकार बदलने के बाद उच्चतम स्कोर वाले अधिकतम नौकरी शीर्षक नाम पर अंतिम रूप से विचार किया जाएगा। उसके बाद आगे की सटीकता पहचान के उद्देश्य से व्यक्तित्व का पता लगाने और नौकरी के शीर्षक की पहचान के लिए 5 साल से अधिक का अनुभव रखने वाले 10 डेटा वैज्ञानिक व्यक्तियों का चयन किया है। निम्नलिखित टेबल 4 सफलता अनुपात के साथ 10 व्यक्तियों का आउटपुट देता है।

टेबल 4: 10 व्यक्तियों की नौकरी के शीर्षक की भविष्यवाणी

व्यक्ति	डेटासेट का आकार	नौकरी शीर्षक	टिप्पणी
व्यक्ति 1	100%	डेटा वैज्ञानिक	सफल
	60%	डेटा वैज्ञानिक	
	40%	डेटाबेस	
व्यक्ति 2	100%	डेटा वैज्ञानिक	सफल
	60%	डेटा वैज्ञानिक	
	40%	डेटा वैज्ञानिक	
व्यक्ति 3	100%	डेटा वैज्ञानिक	सफल
	60%	डेटा वैज्ञानिक	
	40%	यांत्रिक इंजीनियर	
व्यक्ति 4	100%	पायथन डेवलपर	असफल
	60%	डेटा वैज्ञानिक	
	40%	पायथन डेवलपर	
व्यक्ति 5	100%	डेटा वैज्ञानिक	सफल
	60%	डेवऑप्स इंजीनियर	
	40%	डेटा वैज्ञानिक	
व्यक्ति 6	100%	डेटाबेस	असफल
	60%	डेटाबेस	
	40%	डेटा वैज्ञानिक	
व्यक्ति 7	100%	डेटा वैज्ञानिक	सफल
	60%	डेटा वैज्ञानिक	
	40%	डेटा वैज्ञानिक	
व्यक्ति 8	100%	डेटा वैज्ञानिक	सफल
	60%	डेटा वैज्ञानिक	
	40%	संचालन प्रबंधक	
व्यक्ति 9	100%	व्यापार विश्लेषक	असफल
	60%	डेटा वैज्ञानिक	
	40%	व्यापार विश्लेषक	
व्यक्ति 10	100%	डेटा वैज्ञानिक	सफल
	60%	डेटा वैज्ञानिक	
	40%	पायथन डेवलपर	

इसलिए 10 व्यक्तियों में से 7 व्यक्तियों का नौकरी शीर्षक सही है और 3 व्यक्तियों का गलत है। अतः इस प्रणाली की सटीकता 70% है। सटीकता बढ़ाने के लिए एन्सेम्बल लर्निंग तकनीक या रैखिक एसवीसी का उपयोग किया जा सकता है।

5. निष्कर्ष और भविष्य की संभावनाएँ

प्रस्तावित प्रणाली नियुक्ति प्रक्रिया को तेज बनाती है और इसमें कम समय और प्रयास की आवश्यकता होती है। व्यक्ति के व्यक्तित्व के अनुसार विशिष्ट नौकरी की स्थिति के लिए बायोडाटा को वर्गीकृत करने के लिए, के–मीन्स और आरएफ का प्रभाव विश्लेषण उपयोगी दृष्टिकोण हैं। यह मॉडल दो मॉड्यूल पर आधारित है:

i) व्यक्तित्व का पता लगाना जो के–मीन्स क्लस्टरिंग एल्गोरिथ्म का उपयोग करके व्यक्ति के व्यक्तित्व का पता लगाता है।

ii) बायोडाटा वर्गीकरण जिसका उपयोग आरएफ वर्गीकरण मॉडल का उपयोग करके नौकरी के प्रकार की पहचान करने के लिए किया जाता है। परिणाम विश्लेषण के अनुसार, मॉडल उचित तरीके से कार्य करता प्रतीत होता है और 70% सटीकता के साथ व्यक्ति के नौकरी शीर्षक की भविष्यवाणी करता है। भविष्य में, एन्सेम्बल लर्निंग तकनीक या लीनियर एसवीसी का उपयोग करके प्रस्तावित मॉडल की सटीकता में सुधार किया जा सकता है। सभी प्रकार की फाइल का सारांश लेकर इस मॉडल को बेहतर बनाया जा सकता है।

शोध पत्र में प्रयुक्त अंग्रेजी शब्दों की समानार्थक हिंदी शब्दावली

Alphabetically sorted terminology in English	वर्णमाला अनुक्रमित हिंदी शब्दावली
Agreeableness	सहमतता
Conscientiousness	कर्तव्यनिष्ठा

Data enrichment	डेटा संवर्धन
Data gathering	डेटा एकत्रीकरण
Extroversion	बहिर्मुखता
Natural Language Processing (NLP)	प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण
Neuroticism	मनोविक्षुब्धता
Openness	खुलापन
Optical Character Recognition (OCR)	प्रकाशिक संप्रतीक अभिज्ञान
Pattern Recognition	पैटर्न पहचान

संदर्भः

[1] P. Swami and V. Pratap, "Resume Classifier and Summarizer," in 2022 International Conference on Machine Learning, Big Data, Cloud and Parallel Computing (COM-IT-CON), Faridabad, India, 2022.

[2] D. Reddy , S. Regella and S. Seelam , "Recruitment Prediction using Machine Learning," in 5th International Conference on Computing, Communication and Security (ICCCS), 2020.

[3] S. Amin, N. Jayakar, S. Sunny, P. Babu, M. Kiruthika and A. Gurjar, "Web Application for Screening Resume," in International Conference on Nascent Technologies in Engineering (ICNTE), Navi Mumbai, India., 2019.

[4] I. H. Sarkar, "Machine Learning: Algorithms, Real-World Applications and Research Directions," SN Computer Science, vol. 2, no. 3, p. 160, 2021.

[5] S. Ramraj, V. Sivakumar and R. . G. Kaushik, "Real-Time Resume Classification System Using LinkedIn Profile Descriptions," in 2020 International Conference on Computational Intelligence for Smart Power System and Sustainable Energy (CISPSSE), Keonjhar, India, 2020.

[6] B. Gunaseelan, S. Mandal and V. Rajagopalan, "Automatic Extraction of Segments from Resumes using Machine Learning," in 2020 IEEE 17th India Council International Conference (INDICON), New Delhi, India, 2020.

[7] P. Roy , S. Chowdhary and R. Bhatia, "A Machine Learning approach for automation of Resume Recommendation system," Procedia Computer Science, vol. 167, pp. 2318-2327, 2020/01/01.

[8] C. Maddumage, D. Senevirathne, . I. Gayashan, . T. Shehan and S. Sumathipala, "Intelligent Recruitment System," in 2019 5th International Conference for Convergence in Technology (ICCT) , Pune, India, 2019.

[9] R. B. Shamantha, S. M. Shetty and P. Rai, "Sentiment Analysis Using Machine Learning Classifiers: Evaluation of Performance," in 2019 IEEE 4th International Conference on Computer and Communication Systems (ICCCS), Singapore, 2019.

[10] L. R. Goldberg, "The development of markers for the Big-Five factor structure.," Psychological Assessment, vol. 4, no. 1, pp. 26-42, Mar 1992.

शोध पत्र / Research Paper

डोकरा ढ़लाई की शुद्धता का माप

Accuracy Measurement of Dokra Casting

सौम्यजीत रॉय[1], सुभाशीष सरकार[2], अक्षय कुमार प्रमाणिक[3], प्रशांत कुमार दत्ता[4]

Soumyajit Roy[1], Subhasish Sarkar[2], Akshay Kumar Pramanick[3], Prasanta Kumar Datta[4]

[1] Ph.D. Scholar, Dept. of Metallurgical and Material Engineering,

[2] Research Scholar, Dept. of Mechanical Engineering,

[3,4] Professor, Dept. of Metallurgical and Material Engineering, Jadavpur University, Kolkata-700032

soumyajit.roy009@gmail.com, subha.jumechanical@gmail.com,
akshay99.ju@gmail.com, dokra_pkd52@yahoo.co.in

https://doie.org/10.0524/VP.2024207667

सारांश

'ढोकरा' या 'डोकरा' ढलाई भारत की एक प्राचीन कला है। डोकरा एक महान कला के रूप में विश्व भर में प्रसिद्ध है। लेकिन इस बात की चर्चा नहीं है कि यह बहुत विकसित प्रौद्योगिकी भी है। यह तकनीक ताम्र युग यानि सिंधु घाटी सभ्यता के समय से चली आ रही है। आम तौर पर, खोये हुये मोम निवेश ढलाई तकनीक का उपयोग करके पतली दीवार वाले खोखले बर्तन और मूर्तियाँ तैयार किए जाते हैं। डोकरा पूरी दुनिया भर में बहुत लोकप्रिय हैं। हाथ से बनाने वाला सामान होने के नाते इसका आकार या माप, शुद्धता पर कोई उतना ध्यान नहीं दिया जाता। मगर आजकल वैश्विक बाजार में किसी उत्पाद को बेचने के लिए शुद्धता जानने की जरूरत है। लेकिन इस क्षेत्र में इस मुद्दे से संबंधित आंकड़ों की कमी है। यहाँ किसी विशेष डोकरा उत्पाद को समूह उत्पादन की शुद्धता को निर्धारित करने का प्रयास किया गया है। शुद्धता दर को समझने के लिए बारंबारता बंटन और सिक्स सिग्मा विधि जैसे विभिन्न उपकरणों का उपयोग किया गया है।

ABSTRACT

'Dhokra' or 'Dokra' casting is an ancient art of India. But it is not been discussed that it is also a very developed technology. The technique has been carried out by generations from the time of the Copper age, i.e. Indus valley civilization. Generally, thin-walled hollow utensils and models are produced using the lost wax investment casting technique. The Dokra products are so popular worldwide. The accuracy of any product is essential now a day especially for selling a product in the international market but in this field, there is lack of data related to this issue. The accuracy for batch production was tried to determine for making a particular product by the artisans. Different tools like Frequency Distribution and Six Sigma (6σ) methods were used to understand the accuracy rate.

मुख्य शब्द: डोकरा, सिंधु घाटी सभ्यता, मोम आधारित निवेश ढलाई प्रक्रिया, समूह उत्पादन।

Key words: Dokra, Indus valley civilization, Lost Wax investment Casting Process, Batch Production.

1. परिचय

'ढोकरा' या 'डोकरा' ('Dhokra' or 'Dokra') ढलाई एक पारंपरिक भारतीय धातु ढलाई या कास्टिंग

(Casting) तकनीक है [1–2]। इसका पहला निदर्शन सिंधु घाटी सभ्यता में मिलता है [3]। आदिवासी कारीगर आज भी इस परंपरा को बनाकर रखे हुए है। छत्तीसगढ़, झारखंड, उड़ीसा और बंगाल के कुछ हिस्से में डोकरा कारीगरों का निवास है [4]। इस खूबसूरत कला के पीछे कई प्रौद्योगिकी [5–7] छिपी है। खोई हुई मोम निवेश ढलाई तकनीक का उपयोग करके पतली दीवार वाले खोखले बर्तन, खोखले एवं ठोस कलाकृतियां और मूर्तियों का उत्पादन किया जाता है।

डोकरा कला सम्पूर्ण विश्व में प्रसिद्ध है। हालांकि यह एक हस्तनिर्मित कलाकृति है, विशेष रूप से वैश्विक बाजार में बेचने के लिए डोकरा उत्पादों की शुद्धता आजकल महत्वपूर्ण है। डोकरा कारीगरों द्वारा बनाए गए उत्पादों की शुद्धता मापने के लिए यहाँ एक योजना बनाई गई है। इस योजना को, विशेषकर समूह उत्पादन के लिए तैयार किया गया है। समूह उत्पादन के लिए इसे विशेष कर किया गया। सटीकता को समझने के लिए 'Frequency Distribution' (आवृति वितरण/ बारंबारता वितरण) [8] और ' Six Sigma (6σ) method' जैसे विभिन्न परंपरागत तकनीकी उपकरणों का उपयोग किया गया।

2. प्रयोग की प्रक्रिया

डोकरा कारीगरों की सटीकता की जांच के लिए एक प्रयोग तैयार किया गया। एक ही आकार और रूप के कई सिंदूर पात्र और उनके ढक्कन (चित्र –1.a,b) बनाने की परिकल्पना की गयी। एक साँचे (चित्र–1.c) में मिट्टी डालकर सबसे पहले मिट्टी का अन्तःसार (core) (चित्र–1.d) बनाया गया। सूख जाने के बाद उसके ऊपर मोम से कलाकृति बनायी गयी (चित्र–1.f,g)। मोम की संरचना के ऊपर मिट्टी की कई परतें लगाते हैं (चित्र–1.h,i)। तरल धातु डालने के लिए थोड़ी–सी जगह खाली रखी जाती है। मिट्टी के सांचे के पूरी तरह सूख जाने के बाद इसे भट्टी में डालकर लाल होने तक उसमें रखा जाता है। तरल धातु लाल गर्म स्थिति में मिट्टी के सांचे में डाली जाती है (चित्र–1.j)। ठंडा हो जाने के बाद ढांचे को तोड़कर उत्पादक वस्तु को निकाला जाता है (चित्र–1.k)। अंत में थोड़ा पोलिश करके अंतिम उत्पाद प्रस्तुत किया जाता है (चित्र–1.l)।

मिटटी का अन्तःसार, मोम का ढांचा और मिटटी का साँचे (मिट्टी के सांचे) के लिए प्रयुक्त सामग्री तालिका –1, 2 में सारणीबद्ध है।

चित्र.1: सिंदूर पात्र के ढलाई के चरण: (a,b) सिंदूर पात्र तथा ढ़क्कन का योजनाबद्ध आरेख, (c) साँचे, (d) मिट्टी का अन्तःसार, (e) काम करने वाले कारीगर, (f,g)– मोम का ढाँचा, (h) प्राथमिक मिट्टी की परत,



(e) (f) (g) (h)

(i) (j) (k) (l)

(i) मिट्टी के सम्पूर्ण सांचे, (j) निकालने के बाद गरम लाल मिट्टी के सांचे – तरल धातु डाला जा रहा है, (k) गेटिंग सिस्टम के साथ अधूरा उत्पाद, (l)– तैयार सिंदूर का बर्तन

तालिका –1: मिट्टी का अन्तःसार और मिट्टी के सांचे के लिए प्रयुक्त सामग्री

	मिट्टी और रेत का प्रकार	अवयव
1.	मिट्टी का अन्तःसार (Clay core)	काओलाइट मिट्टी (Kaolinite clay) + चावल की भूसी (rice husk) + गाय का गोबर (Cow Dung)
2	मिट्टी के सांचे (Clay Mold)	काओलाइट मिट्टी (Kaolinite clay) + चावल की भूसी (rice husk) + गाय का गोबर (Cow Dung)
3	बालू	सिलिका (Silica) रेत (मध्यम/ क्षुद्र)

तालिका –2: मोम का ढाँचा के लिए प्रयुक्त सामग्री

	संरचना की मोम का उपादान	प्रकार– 1	प्रकार– 2	प्रकार– 3
1.	पेट्रोलियम टार / पिच (Petroleum tar / Pitch)	65%	–	–
2.	साल का राल (Sal resin)	35%	40%	20%
3.	मधुमक्खी मोम (Bees wax)	–	60%	20%
4.	पेट्रोलियम से प्राप्त ठोस पैराफिन मोम (Paraffin wax)	–	–	40%

3. परिणाम और अवलोकन

सिंदूर पात्र और ढक्कन उत्पादन के सभी स्तर, मिट्टी का अन्तःसार, मोम की संरचना, ढलाई उत्पाद के अंदरूनी और बाहरी आयामों को मापा गया और फिर विसंगति का पता लगाने के लिए गणना की गई। आयामों (dimensions) की भिन्नता (Variation) को निर्धारित करने के लिए आवृत्ति वितरण (frequency distribution) की गणना सिक्स–सिग्मा (six Sigma or 6σ) स्केल के सहारे की गई।

3.1 गणना प्रक्रिया

प्रसरण (Variance = σ^2) और मानक विचलन (Standard Deviation = σ) सूत्र समूह समीकरण (1) और (2) में दिखाया गया है :–

$$\sigma^2 = \frac{\sum_{i=1}^{N}(X-X_m)^2}{N} \qquad (1)$$

$$\sigma = \sqrt{\frac{\sum_{i=1}^{N}(X-X_m)^2}{N}} \qquad (2)$$

यहां, X = व्यक्तिगत जनसंख्या (Individual population), Xm = माध्य जनसंख्या (Mean population), N = नमूने की संख्या (number of sample).

स्वीकरण क्षेत्रों की सीमा के अनुसार लगभग 68% आयाम 2σ क्षेत्र के भीतर होने चाहिए, 95% आयाम 4σ के भीतर और 99.99% आयाम 6σ क्षेत्र के भीतर होने चाहिए [9]।

3.2 सिंदूर के पात्र और ढ़क्कन का आयामी विश्लेषण

सिंदूर पात्र और ढ़क्कन का सभी नमूनों से, आयाम का वितरण, आयामों का विचलन, किनारों का अंदरूनी और बाहरी व्यास, तल का व्यास, और ऊंचाई के आयामों का आवृत्ति वितरण की गणना और विश्लेषण किया गया है।

3.2.1 आयामों का वितरण (Distribution of the Dimensions)

प्रमुख व्यास, छोटे व्यास, औसत व्यास और विभिन्न स्थान की ऊंचाई के वितरण की गणना की गई और चित्र–2 में सिंदूर पात्र के किनारों का व्यास, चित्र – 3 में सिंदूर पात्र के तल का व्यास, चित्र– 4 में सिंदूर पात्र की ऊंचाई, चित्र– 5 में सिंदूर पात्र का ढ़क्कन और चित्र– 6 में सिंदूर पात्र के ढ़क्कन की ऊंचाई का वितरण दिखाया गया है।

3.2.2 आयामों का विचलन (Deviation of Dimensions) और बारंबारता वितरण (Frequency Distribution of Dimensions)

ऊपरी मानक विचलन तथा निचले मानक विचलन की गणना की गई (तालिका –3) और चित्र –7 में आरेखित किए गए सिंदूर पात्र और ढक्कन के लिए बारंबारता वितरण सिक्स सिग्मा (6σ) स्केल में आरेखित किया गया और तालिका– 4 और 5 में सारणीबद्ध किया गया।



(a) (b)

चित्र–2: सिंदूर पात्र के किनारों (Lip) के मापों का प्रमुख, लघु, और औसत वितरण: (a) मिट्टी के अंदरूनी, मोम का ढाँचा (मोम पैटर्न), (b) ढलाई का अंदर और बाहर का माप



(a) (b)

चित्र–3: सिंदूर पात्र के तल (Base) के मापों का प्रमुख, लघु, और औसत वितरण: (a) मिट्टी के अंदरूनी, मोम का ढाँचा, (b) ढलाई के अंदर और बाहर के माप



(a) (b)

चित्र–4: सिंदूर पात्र के कद (Height) के मापों का प्रमुख, लघु, और औसत वितरण: (a) मिट्टी के अंदरूनी, मोम का ढाँचा, (b) ढलाई का अंदर और बाहर के माप



(a) (b)

चित्र–5: सिंदूर पात्र के ढक्कन के किनारों (Base) की मापों का प्रमुख, लघु, और औसत वितरण: (a) मिट्टी के अंदरूनी, मोम का ढाँचा, (b) ढलाई के अंदर और बाहर के माप



(a) (b)

चित्र–6: सिंदूर पात्र की ढक्कन के कद (Height) की मापों का प्रमुख, लघु, और औसत वितरण: (a) मिट्टी के अंदरूनी, मोम का ढाँचा, (b) ढलाई के अंदर और बाहर के माप





सिंदूर पात्र की ढक्कन

चित्र–7: सिंदूर पात्र और ढक्कन के आयाम का ऊपरी विचलन (Upper deviation) निम्न विचलन (Lower deviation) और मानक विचलन (Standard deviation)

तालिका–3: सिंदूर पात्र और ढक्कन के विचलन (Deviation) की गणना (mm)

स्थान	औसत माप mm	मानक विचलन mm	ऊपरी विचलन mm	निम्न विचलन mm	माध्य भिन्नता mm	औसत व्यास mm	मानक विचलन mm	ऊपरी विचलन mm	निम्न विचलन mm	माध्य भिन्नता mm
	सिंदूर पात्र का अन्तःसार					सिंदूर पात्र के मोम की संरचना				
किनारा	46.17	0.89	1.52	1.47	1.12	48.57	0.8	1.6	1.07	0.98
तल	33.4	0.41	0.7	0.8	0.37	36.14	0.39	0.51	0.65	0.61
कद	19.85	0.34	0.26	0.72	X	20.65	0.42	0.65	0.65	X
	ढलाई सिंदूर पात्र का आंतरिक माप					ढलाई सिंदूर पात्र का बाहरी माप				
किनारा	44.27	1.15	1.17	1.78	1.14	48.08	1.13	1.07	2.23	1.18
तल	32.12	0.76	0.81	1.4	0.88	35.87	0.58	0.44	1.07	0.43
कद	18.15	1.1	1.02	2.77	1.14	19.04	1.2	2.32	1.59	X
	सिंदूर पात्र के ढ़क्कन का अन्तःसार					सिंदूर पात्र के ढ़क्कन मोम की संरचना				
किनारा	46.32	1.06	1.71	1.105	0.431	48.82	1.09	1.67	1.81	0.435
कद	15.75	1.37	2.22	1.23	X	23.88	0.57	0.88	0.67	X
	ढलाई होने के बाद ढ़क्कन का आंतरिक माप					ढलाई होने के बाद ढ़क्कन का बाहरी माप				
किनारा	45.24	0.45	0.75	0.82	0.595	48.46	0.53	1.15	0.62	0.55
कद	15.67	0.45	2.66	1.23	X	23.33	1.04	1.54	1.57	X

तालिका–4: सिंदूर पात्र और ढ़क्कन के किनारों का आवृति वितरण (Frequency Distribution)

	मिट्टी का अन्तःसार	मोम का ढाँचा	अंदरूनी व्यास	बाहरी व्यास
पात्र का किनारा				



तालिका–5: सिंदूर पात्र और ढ़क्कन का आवृत्ति वितरण (Frequency Distribution)

		मिट्टी का अन्तःसार			मोम की संरचना			ढलाई का अंदरूनी माप			ढलाई का बाहरी माप		
	स्थान	2σ (%)	4σ (%)	6σ (%)	2σ (%)	4σ (%)	6σ (%)	2σ (%)	4σ (%)	6σ (%)	2σ (%)	4σ (%)	6σ (%)
सिंदूर पात्र	किनारा	70	100	100	100	100	100	60	100	100	70	100	100
	तल	70	100	100	100	100	100	50	100	100	60	100	100
	कद	90	100	100	100	100	100	70	90	100	70	90	100
ढक्कन	किनारा	50	100	100	60	100	100	70	100	100	60	90	100
	कद	70	100	100	40	100	100	70	90	100	80	100	100

3.3 धातु विश्लेषण

ढलाई के लिए प्रयुक्त धातु की रासायनिक संरचना तालिका– 5 में सारणीबद्ध है। रासायनिक विश्लेषण से यह पाया गया कि ये पीतल (Brass) है, जिसमे 60% तांबा और करीब 40% जिंक है। इसे मुंट्ज मेटल (Muntz metal) कहते हैं।

3.4 अवलोकन

प्रयोग के परिणामों से निम्नलिखित निर्णय लिया जा सकता है:

i. रासायनिक विश्लेषण से पता चला कि ढलाई के लिए 60–40 पीतल (60–40 Brass) [10] का उपयोग किया गया है।

ii. सभी नमूनों के लिए आवृत्ति वितरण सिक्स सिग्मा (6σ) क्षेत्र के भीतर पाए गये हैं।

iii. मिटटी के अन्तःसार, मोम के ढांचे या ढलाई उत्पाद के दौरान किसी भी अवस्था में आयाम के विचलन सिक्स सिग्मा (6σ) क्षेत्र के अंदर था।

iv. किनारे के व्यास और ऊंचाई के मानक विचलन, तल के व्यास के मानक विचलन से ज्यादा होता है। विश्लेषण इंगित करता है कि खुले वर्गों में अधिक विचलन है।

तालिका–6: धातु का का रासायनिक विश्लेषण

	धातु का रासायनिक तत्व	प्रतिशत (%)		धातु का रासायनिक तत्व	प्रतिशत (%)
1.	ताँबा [Copper (Cu)]	60.72	4.	टिन [Tin (Sn)]	0.37
2.	जिंक (Zn)	38.76	5.	लोहा [Iron (Fe)]	0.07
3.	लेड [Lead (Pb)]	0.05	6.	अन्य तत्व	0.02

4. निष्कर्ष

कोई भी उद्योग अपने श्रमिकों के विकास के बिना विकसित नहीं हो सकता है। डोकरा कारीगरों को अपनी खुद की विश्वसनीयता का पता नहीं है। वे कितना ही सुन्दर और निपुण काम कर लें, जब तक पारंपरिक तकनीकी विधि से उनके काम की जांच पड़ताल नहीं होगी तब तक वैश्विक क्षेत्र में ये प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाएंगे।

i. सारे उत्पादक वस्तु पूरी तरह से हाथों से बनाये हुए हैं। फिर भी ये देखने को मिला कि सारे आयाम सिक्स सिग्मा (Six Sigma– 6σ) क्षेत्र के अंदर हैं।

ii. डोकरा के हर एक चरण का काम हाथों से होता है। किसी यंत्र का उपयोग नहीं होता है। यहाँ परीक्षण से पता चल रहा है कि किसी भी चरण के आयाम का माप सिक्स सिग्मा (6σ) के क्षेत्र में रहता है।

iii. तल के व्यास का मानक विचलन किनारों के व्यास और ऊंचाई के मानक विचलन से छोटा होता है। विश्लेषण इंगित करता है कि खुले वर्गों में अधिक विचलन है।

iv. कोई भी तकनीक सिक्स सिग्मा स्केल पर अगर उपयुक्त हो तो तकनीकी रूप से सभी संतुष्ट हो जाते हैं।

इस काम का गुरुत्व यही है कि, हमारे देश के आदिवासी कारीगर जो पीढ़ियों से इस तकनीक का प्रयोग कर रहे हैं, उनके कामों का मूल्यांकन किया गया जो कि बहुत ही संतोषजनक है।

शोध पत्र में प्रयुक्त अंग्रेजी शब्दों की समानार्थक हिंदी शब्दावली

Alphabetically sorted terminology in English	वर्णमाला अनुक्रमित हिंदी शब्दावली
Clay Mold	मिट्टी के सांचे
Core	मिट्टी का अन्तःसार
Deviation of Dimensions	आयामों का विचलन
Distribution of the Dimensions	आयामों का वितरण
Frequency distribution	आवृति वितरण/ बारंबारता वितरण
Lost Wax investment Casting Process	मोम आधारित निवेश ढलाई प्रक्रिया
Standard deviation	मानक विचलन
Wax Pattern	मोम की संरचना/ मोम का ढाँचा

अभिस्वीकृति

इस कार्य को AICTE (All India Council for Technical Education) द्वारा AICTE Doctoral Fellowship (ADF) के माध्यम से वित्त पोषित किया गया था। लेखक जादवपुर विश्वविद्यालय के धातुकर्म और सामग्री इंजीनियरिंग विभाग और बिकना के शिल्पकार श्री गोपन कर्मकार के सहयोग के लिए आभारी हैं।

संदर्भः

[1] Mandal, B., et al., "Characterization of a Pala-Sena, high-Tin Bronze bowl from Bengal, India", Society for Archaeological Sciences, (SAS) Bulletin, University of South Florida, USA, (2008), pp-12-17. Doi: https://socarchsci.org/images/bulletin/SAS3103.pdf

[2] Mandal, B., et al., "Hot mold casting process of ancient East India and Bangladesh"; China Foundry,Vol.- 7.2 (2010), pp-171-177.

[3] Mukherjee, D., A, "Comparative study of Dokra metal craft technology and Harappan metal craft Technology", Heritage: Journal of Multidisciplinary Studies in Archaeology 4: (2016), pp- 757-768. Doi:http://www.heritageuniversityofkerala.com/JournalPDF/Volume4/43.pdf

[4] Paul T Craddock, "The metal casting traditions of South Asia: continuity and innovation", Indian Journal of History of Science, 50.1 (2015) pp-55-82,

[5] Roy, S., et al., "Precise filling time calculation of thin-walled investment casting in hot mold", Journal of the Brazilian Society of Mechanical Sciences and Engineering, 42:552; 2020. Doi: https://doi.org/10.1007/s40430-020-02634-6

[6] Roy, S., et al., "Quality analysis of tribal casting products by topsis for different gating system", IOP Conf. Series: Materials Science and Engineering, Vol.-1080, IOP Publishing; 2021, 1-5. doi:10.1088/1757-899X/1080/1/012014.

[7] Roy, S., et al., "The effect of gating system on quality of traditional rural metal castings of India", Recent Trends in Industrial and Production Engineering, Lecture Notes in Mechanical Engineering, Springer Nature, https://doi.org/10.1007/978-981-16-3135-1_27

[8] Kozak, K., Statistics Using Technology, Second Edition, Lulu.com, 2015, pp-40-44

[9] Muralidharan, K., Six Sigma for Organizational Excellence: A Statistical Approach, 2015, Springer India, pp-564-568.

[10] Mandal, B., et al., "Understanding alloy design principles and cast metal technology in hot molds for medieval Bengal", Indian Journal of History of Science, 45.1 (2010) 101-140.

शोध पत्र / Research Paper

GLAM के डिजिटल डेटा के लिए आपदा प्रबंधनः एक अध्ययन

Disaster Management Plan for Digital Data of GLAM: A Case Study

प्रतापानन्द झा[1] एवं प्रोफेसर ओम विकास[2]

Pratapanand Jha[1] (Research Scholar), Prof. Om Vikas[2]

[1]Dept. of Computer Science and Engineering, Banasthali Vidyapith, Rajasthan

[2]*Formerly*, Director, ABV-Indian Inst. of IT & Management Gwalior; &

Counsellor (S&T), Indian Embassy, Japan; & Sr. Director, Ministry of Electronics & IT

pjha@ignca.nic.in, dr.omvikas@gmail.com

https://doie.org/10.0524/VP.2024254982

सारांश

GLAM दीर्घाओं (Galleries), पुस्तकालयों (Libraries), अभिलेखागारों (Archives) और संग्रहालयों (Museums) का संक्षिप्त रूप है, और GLAM संस्थाओं का मुख्य कार्य विभिन्न सांस्कृतिक विरासतों के संरक्षण के अलावा उनसे संबंधित ज्ञान को आम जनता तक पहुंचाना भी है। आज डिजिटल डेटा हमारी अधिकतर गतिविधियों का एक हिस्सा बन गया है। अपने सभी दैनिक कार्यों के लिए हम डिजिटल उपकरणों का प्रयोग करते हैं। लेखन, फोटोग्राफी, ऑडियोग्राफी, वीडियो रेकॉर्डिंग तथा एनीमेशन फिल्म आदि बनाने के लिए बाजार में उपलब्ध सभी उपकरण डिजिटल प्लेटफॉर्म पर ही काम करते हैं। इसके चलते हम प्रत्येक दिन बहुत बड़ी मात्रा में डिजिटल डेटा बना रहे हैं। इनके अलावा, विश्व भर में उपलब्ध सांस्कृतिक विरासतों को डिजिटल प्रारूप में परिवर्तित करने के लिए एक विशाल कार्यबल निरंतर कार्यरत है। विश्व आर्थिक मंच (World Economic Forum, WEF) के वर्ष 2023 रिपोर्ट के अनुसार यह अनुमान लगाया गया है कि वर्ष 2025 तक वैश्विक स्तर पर प्रत्येक दिन करीब 463 एक्साबाइट डिजिटल डेटा बनते रहेंगे। इनमें से अधिकांश डेटा, जैसे हवाई जहाज या रेलवे के टिकट, पार्सल रिकॉर्ड, बैंकिंग लेनदेन आदि की प्रासंगिकता अल्पकालिक हो सकती है लेकिन सांस्कृतिक विरासतों से संबंधित डेटा की प्रासंगिकता दीर्घकालिक ही होती है। सांस्कृतिक विरासतों का संरक्षण विभिन्न सांस्कृतिक संस्थाओं द्वारा किया जाता हैं, जिन्हें संयुक्त रुप से आजकल GLAM संस्थाएँ कहा जाता है। GLAM संस्थाओं द्वारा सांस्कृतिक डिजिटल डेटा को लोगों तक ऑनलाइन पहुँच बनाने के चलते उन्हें एक नई चुनौती का सामना करना पड़ता है, और वह हैं संरक्षित डिजिटल डेटा को साइबर अपराधों की पहुंच से बाहर रखना।

भारतीय आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2020 में, देश भर में करीब 2.9 लाख से अधिक साइबर अपराध दर्ज किये गये थे। चूकि साइबर अपराधों की संख्या में प्रत्येक वर्ष 15–20% की दर से वृद्धि हो रही है, इसलिए GLAM संस्थाओं द्वारा सांस्कृतिक डिजिटल डेटा का संरक्षण अत्यंत ही नाजुक मुद्दा होने के साथ साथ नितांत जरूरी उत्तरदायित्व भी बन गया है। साइबर अपराधों के अलावा सांस्कृतिक डिजिटल डेटा में हेरफेर हो जाने की संभावना कुछ संस्थागत गतिविधियों में जाने अनजाने चूक होने के चलते भी हो सकता है, जैसे कि मीडिया रिफ्रेशिंग, मीडिया माइग्रेशन, प्रारूप माइग्रेशन और प्लेटफॉर्म अपग्रेडेशन, इत्यादि। इस परिदृश्य में सभी GLAM संस्थाएँ अपने सांस्कृतिक डिजिटल डेटा को दीर्घकालीन अवधि तक संरक्षित रखने के लिए आज पूरी तरह से तैयार नहीं हैं। अतः, इन संस्थानो को अपने सांस्कृतिक डिजिटल डेटा की सुरक्षा के लिए 'ट्रस्टेड डिजिटल रिपॉजिटरी (टीडीआर) मानक जैसे किसी अन्य मानकों को जल्द से जल्द अपनाने

की जरूरत है।

Abstract

GLAM is an acronym for Galleries, Libraries, Archives, and Museums, which refers to the cultural institutions which are responsible for maintaining and preserving cultural heritage, and with a mission to provide its access to the society, in general. Today, digital data creation is a part of all our activities. We create most of our documents digitally. All the gadgets available in the market for creating texts, visual, audio, video, animation contents etc., work on digital platforms and generate digital contents. Hence, every day we generate large volumes of digital data which are born digital. In addition, a large workforce is employed across the world to convert most of the available analog data into digital form. As per the World Economic Forum Report of year 2023, it is estimated that by the year 2025 around 463 exabytes of data will be created every day, globally. Most of these data such as air/railway tickets, parcel records, banking transactions etc. may only have short-time relevance but a significant amount of the data, especially related with cultural heritage will have long-time relevance. And thus, to preserve the cultural history of a region, community, or a country the need to preserve such data is of utmost importance.

Further, any digital data which are offered for online for access by GLAM institutions are exposed to various types of cybercrimes. As per the national crime statistics of India, more than 2.9 lakh cyber security incidents were reported in the year 2020. As the volume of cybercrime is growing at the rate of 15-20% per year preserving digital data is a highly delicate but extremely important issue for the GLAM institutions. In addition to cybercrimes the digital data is also susceptible to damage by inappropriate internal operations like media refreshing, media migration, format transformation, and platform upgradation. For such scenario, most of the GLAM institutions are not well equipped to maintain and preserve their digital data for long term duration. They need to adopt either the Trustworthy Digital Repository (TDR) standard or some similar standard to safeguard their precious digital data as early as possible.

मुख्य शब्दः आपदा प्रबंधन, अंकीय संरक्षण, विश्वसनीय अंकीय कोष, राष्ट्रीय सांस्कृतिक, दृश्य–श्रव्य अभिलेखागार

Keywords: Disaster Management, Digital Preservation, Trustworthy Digital Repository (TDR), National Cultural Audiovisual Archives (NCAA), GLAM

परिचय

आधुनिक जीवन के लगभग सभी पहलुओं को डिजिटल प्रौद्योगिकी ने बदल दिया है। हाल के दशकों में संचार, व्यापार, बाजार, मनोरंजन और बैंकिंग जैसे क्षेत्रों में क्रांतिकारी परिवर्तन आया है। अब कोई ऐसा उपकरण या मशीन मिलना दुर्लभ है जो किसी न किसी तरह के इलेक्ट्रॉनिक या डिजिटल प्रौद्योगिकी पर आधारित न हो। डिजिटल प्रौद्योगिकी के चलते उपकरण अधिक दक्ष, आकार में छोटे, वजन में कम तथा एक से अधिक कार्यों को सम्पन्न करने में सक्षम हो गये हैं। सूचनाओं को स्थानीय या दूरस्थ रूप से संगृहीत किया जा सकता है और उन्हें तत्काल एक–स्थान से दूसरे स्थान तक भेजा जा सकता है। यहां तक कि 'सूचना' शब्द अब केवल शब्दों और संख्याओं को संदर्भित नहीं करता अपितु इसका विस्तृत अर्थ अब फोटो, ऑडियो और वीडियो जैसे माध्यमों तक को समाविष्ट करता है।

हमारे सभी लेन–देन चाहे आधिकारिक हों या निजी, जैसे बैंकिंग, परिवहन, चिकित्सा, मनोरंजन या खरीददारी, ये सभी हम ऑनलाइन करने लगे हैं। इस कारण हम प्रत्येक दिन बहुत बड़ी मात्रा में डिजिटल डेटा बना रहे हैं। इसके अलावा वह विरासत के

प्राथमिक स्रोतों तक की पहुँच सांस्कृतिक और अन्य शोधकर्ताओं के लिये सुलभ बनाते हैं।

GLAM संस्थाओं द्वारा सांस्कृतिक डिजिटल डेटा को लोगों तक ऑनलाइन पहुँच बनाने का उत्तरदायित्व है। पर इसके कार्यान्वन के चलते उन्हें एक नई चुनौती का सामना करना पड़ता है, और वह हैं संरक्षित डिजिटल डेटा को साइबर अपराधियों की पहुंच से बाहर रखना। विश्व आर्थिक मंच (WEF) ने अपनी वैश्विक सुरक्षा आउटलुक रिपोर्ट वर्ष 2023 में GLAM संगठनों के समक्ष उपस्थित चुनौतियों और साइबर अपराध के खतरे के खिलाफ खुद को सक्षम बनाने और तैयार रहने की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया है। इस रिपोर्ट के अनुसार, 'जागरूकता और आवश्यक तैयारियाँ, संगठनों को नई डिजिटल प्रौद्योगिकी से होने वाले लाभ एवं साइबर अपराध जैसे घटनाओं के बीच संतुलन रखने में मदद करेगी।... विशेषज्ञों का मानना है कि वैश्विक भू–राजनैतिक अस्थिरता के चलते अगले दो वर्षों में किसी भयावह साइबर घटना घटित होने की संभावना अत्याधिक है।... प्रौद्योगिकियाँ आमतौर पर अनेक संगठनों के बीच साझा की जाती हैं, और जिसके परिणामस्वरूप इन संगठनों की निर्भरताएं और कमजोरियां लगभग एक जैसी ही होती हैं।'

ज्ञात/अज्ञात खतरों से अपने डेटा को सुरक्षित रखने के लिए, संस्थानों को एक आपदा प्रबंधन योजना (Disaster Management Plan) बनाने की आवश्यकता होती है। प्रस्तुत शोधपत्र में आपदा प्रबंधन योजना के बुनियादी पहलुओं, प्रकृति और डिजिटल डेटा से संबंधित मुद्दों को रेखांकित करने का प्रयास किया गया है।

डिजिटल डेटा के संरक्षण के लिए, ट्रस्टेड डिजिटल रिपॉजिटरी (Trusted Digital Repository - TDR) के रूप में मानक तैयार किया गया है, लेकिन आज तक दुनिया भर में केवल दो रिपॉजिटरी को ही ट्रस्टेड डिजिटल रिपॉजिटरी के रूप में ISO 16363:2012 के लिए प्रमाणित किया गया है। संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की 'राष्ट्रीय सांस्कृतिक दृश्य–श्रव्य अभिलेखागार (National Cultural Audiovisual Archive - NCAA) परियोजना को नवंबर 2017 में विश्व का प्रथम ISO 16363:2012 प्रमाणित ट्रस्टेड डिजिटल रिपॉजिटरी बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। यद्यपि टीडीआर प्रमाणन कोई अंतिम विकल्प नहीं है और इसकी विफलता की संभावना हमेशा बनी होती है, चाहे वह संगठनात्मक हो, वित्तीय हो, या कोई अन्य। NCAA द्वारा अपनाई गई डेटा भंडारण और पुनरूप्राप्ति योजना के कुछ अंश को यहाँ प्रस्तुत किया गया है।

डिजिटल डेटा की प्रकृति एवं उसके संरक्षण की चुनौतियाँः

तीव्र गति से हो रहे प्रौद्योगिकी विकास के कारण किसी खास प्रारूप में रखे डिजिटल डेटा पर प्रचलन में न बने रहने का भय सतत बना रहता है। इस खतरे के तीन निम्नलिखित कारण हैं–

- डिजिटल स्टोरेज मीडिया का प्राकृतिक ह्रास एवम् उनका अप्रचलन
- डिजिटल डेटा का मालिकाना प्रारूप (proprietary format)
- डेटा ऑपरेट करने के लिए आवश्यक हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर का अप्रचलन/पुराना पड़ जाना।

वस्तुस्थितिः

- डिजिटल सामग्रियों के आपदा प्रबंधन योजना के अनेक सफल उदाहरण आज हमारे पास नहीं हैं।
- डिजिटल सूचना के निर्माण के पहले से हीं उनके संरक्षण की प्रक्रिया शुरू करनी पड़ती है। संरक्षण का अर्थ है, उनकी पहुंच और उपयोगिता को लंबे समय तक के लिये सुनिश्चित करना। यह सिर्फ बिट–स्ट्रीम संरक्षण की बात नहीं है।
- डिजिटल संरक्षण की चुनौतियों में सिर्फ प्रौद्योगिकी ही नहीं बल्कि इनका संबंध संगठनात्मक ढांचे से भी है।

– आज एक राष्ट्रीय नीति की आवश्यकता है, डेटा के डिजिटल संरक्षण और नीति की प्रभावी कार्यान्वयन प्रक्रिया के लिए।

डिजिटल डेटा लंबे समय में अनुपयोगी न हो जाए इसके लिए निम्नलिखित तकनीक प्रयोग में हैः

- **रिफ्रेशिंग** (Refreshing) – रिफ्रेशिंग प्रक्रिया से डेटा को अपने वर्तमान भंडारण माध्यम से उसी प्रकार के, पर नये भंडारण माध्यम पर स्थानांतरण किया जाता है। इस प्रक्रिया से डेटा की बिटरेट में या उसके प्रारूप में कोई परिवर्तन या बदलाव नहीं किया जाता है। यह प्रक्रिया वर्तमान
  भंडारण माध्यम के प्राकृतिक ह्रास से डेटा को सुरक्षित रखती है।
- **माइग्रेशन** (Migration) – माइग्रेशन प्रक्रिया डेटा एवं एप्लीकेशन को एक नए सिस्टम (आधार संरचना) पर पुनर्स्थापित करती है। माइग्रेशन दो प्रकार का होता है – (i) डेटा को एक फाइल प्रारूप से रूपांतरण कर दूसरे फाइल प्रारूप में स्थानांतरित करना, या (ii) एक ऑपरेटिंग सिस्टम से दूसरे पर आरोहित करना ताकि संसाधन का उपयोग निर्बाध बना रहे।
- **प्रतिकृति** (Replication) – एक या अधिक सिस्टम पर डेटा की डुप्लिकेट प्रतियां बनाना प्रतिकृति कहलाती है। जो डेटा केवल एक ही स्थान पर एकल प्रतिलिपि के रूप में मौजूद होती है, वह सॉफ्टवेयर या हार्डवेयर की विफलता, मानवीय भूल या चालाकी, तथा आग, बाढ़ जैसी पर्यावरणीय आपदाओं के प्रति अत्यधिक संवेदनशील होती है। यदि डिजिटल डेटा प्रतिलिपियाँ को कई स्थानों पर रखी जाए, तो उसके दीर्घकाल तक उपयोगी बने रहने की संभावना बनी रहती है।
- **अनुकरण** (Emulation) – अनुकरण किसी अप्रचलित प्रणाली की क्रियात्मकता (functionality) की प्रतिकृति है। इसका उद्देश्य उस वातावरण को फिर से बनाना है जिस वातावरण में डिजिटल ऑब्जेक्ट्स को मूल रूप से बनाया गया था। इससे अप्रचलित प्रणाली से निर्मित डेटा को पुनः उपयोगी बनाया जा सकता है।
- **एनकैप्सुलेशन** (Encapsulation) – यह तकनीक सुनिश्चित करती है कि संरक्षित ऑब्जेक्ट्स का वर्णन डेटा के साथ रखना चाहिए। यह वस्तुतः सामग्री को, तथा उसे समझने के लिए आवश्यक सभी जानकारियों के, एक साथ जोड़ कर रखना है। डिजिटल ऑब्जेक्ट से जुड़ी फाइलों में सभी सूचनाओं तथा उसके घटकों के बीच के संबंधों का विवरण, "कंटेनर" या "रैपर" नामक संरचनाओं का उपयोग करके किया जाता है। जिसका उपयोग मशीन लर्निंग के माध्यम से 'एमुलेटर', 'व्यूअर' या 'कन्वर्टर्स' के विकास में किया जा सकता है।
- **मेटाडेटा एकीकरण** (Metadata Integration) – मेटाडेटा एक डिजिटल फाइल संबंधित डेटा है जिसमें फाइल के निर्माण, उपयोग, अधिकार, प्रतिबंध, संरक्षण इतिहास और प्रबंधन की जानकारियाँ शामिल है। डिजिटल फाइलों से जुड़े मेटाडेटा फाइल, उसके प्रारूप के अप्रचलन से प्रभावित हो सकता है। ASCII को मेटाडेटा के लिए सबसे टिकाऊ प्रारूप माना जाता है क्योंकि इसका प्रचलन व्यापक है। यह जानकारियों को बरकरार रखता है, पर उसके संरचना की जानकारी को नहीं जिसमें इसे प्रस्तुत किया गया है। उच्च क्रियात्मकता लिये एसजीएमएल (SGML) या एक्सएमएल (XML) का उपयोग किया जाता है।

डिजिटल ऑब्जेक्ट प्रबंधन तथा डेटा की निर्बाध उपलब्धता को सुनिश्चित करने के लिये, डिजिटल संरक्षण की प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए, तथा डेटा की अखंडता, प्रामाणिकता और गोपनीयता को सुनिश्चित करने के लिए उपरोक्त तकनीकियों को

कार्यप्रणाली के एक भाग के रूप में कार्यान्वित करने की आज जरूरत है।

आपदा प्रबंधन योजना

ज्ञात खतरों से डेटा की सुरक्षा के लिए तैयार की गई एक संस्थागत योजना, आपदा प्रबंधन योजना है। सभी महत्त्वपूर्ण डेटा को, चाहे वह ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, वैज्ञानिक, आर्थिक या कोइ अन्य हो, इन्हें भविष्य के संदर्भों के लिए सर्वथा संरक्षित किया जाना चाहिए। नियमित संरक्षण प्रक्रिया, डेटा समूह को एक खास तरह के खतरे से बचाने के लिये अपनाई जाती है। उनके अलावा प्राकृतिक आपदाओं, जैसे बाढ़, आगजनी, भूकंप आदि, तथा मानवीय भूलों और बदनीयती से भी डेटा की सुरक्षा के लिए भी संस्थान को ध्यान देने की आवश्यकता है। अतः, डेटा की तत्काल पुनरूप्राप्ति के लिए एक ऐसी योजना की आवश्यकता है जिसमें संस्थागत संरचना और प्रक्रियाएँ शामिल हो। जैसा कि ब्लॉक आरेख में नीचे दर्शाया गया है, ऐसी योजना में एस्केलेशन मैट्रिक्स, विभिन्न स्तरों पर आवश्यक प्रक्रियाओं की तैयारी, डेटा की पुनःप्राप्ति, और भविष्य में ज्ञात क्षतियों से रोकथाम के उपाय, जैसे घटक शामिल हैं:



चित्र 1. आपदा–प्रबंधन योजना का खंड़ आरेख

I. एस्केलेशन मैट्रिक्स – एस्केलेशन मैट्रिक्स के माध्यम से खतरे या क्षति संबंधित जानकारियाँ अधिकारियों को दी जा सकती है। यह मुद्दों के समाधान के लिए एक संरचित ढांचा प्रदान करता है। इसका लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी मुद्दों को समय पर, और अधिक प्रभावी तरीके से हल किया जा सके।

II. विभिन्न स्तरों पर आवश्यक प्रक्रियाओं की तैयारी – डेटा को पुनःप्राप्त करने के लिये और नुकसान को कम करने के लिए संबंधित प्राधिकारी द्वारा कार्यवाई करने के लिए अपेक्षित प्रक्रियाओं को परिभाषित करना और उनकी तैयारी करना है।

III. डेटा की पुनःप्राप्ति – डेटा की पुनःप्राप्ति के लिए प्राधिकरण द्वारा की गई कार्यवाइयाँ, और सुधारात्मक उपायों के लिए की गई प्रक्रियाओं का मूल्यांकन करते रहना है।

IV. ज्ञात क्षतियों से रोकथाम के उपाय – भविष्य में ज्ञात क्षतियों से रोकथाम के लिए बनायी योजना में समयानुकूल बदलाव करते रहना अपेक्षित है।

उपरोक्त आरेख का उपयोग किसी भी प्रकार के डेटा के लिए किया जा सकता है, चाहे डेटा एनालॉग हो या डिजिटल। हालाँकि, विभिन्न प्रकार के डेटा और विभिन्न प्रकृति की आपदाओं के लिए तैयारियाँ, प्रतिक्रियाएँ और पुनःप्राप्ति के तरीके अलग–अलग होते हैं।

डिजिटल डेटा के उन मामलों में जहाँ डेटा अपनी प्रकृति के चलते, तेजी से होती प्रौद्योगिक अप्रचलन के कारण क्षति के प्रति अति संवेदनशील हो गए है, वहाँ संरक्षण के लिये आवश्यक अधोसंरचना, विशेषज्ञता और प्रक्रियाएं काफी भिन्न होती हैं, जैसा कि अगले अनुभाग में बताया गया है।

डिजिटल डेटा संरक्षण के प्रयास एवं उपलब्ध तकनीकियाँः

नब्बे के दशक में डिजिटल संरक्षण की चुनौती से निपटने के लिए कई समानांतर प्रयास दुनिया भर में किए जा रहे थे। अंतरिक्ष डेटा सिस्टम (Consultative Committee for Space Data System - CCSDS), वाशिंगटन डीसी की सलाहकार समिति (जो विभिन्न

देशों की दस सदस्य एजेंसियों और प्रेक्षक के रूप में अन्य तेईस अतिरिक्त संगठनों से बनी है) ने एक संयुक्त गतिविधि शुरू कीः

ओपन अभिलेखीय सूचना प्रणाली (Open Archival Information System – OAIS) का एक संदर्भ मॉडल को विकसित करने के लिए, और इन मुद्दों पर मुख्य रूप से आम सहमति बनाने के लिए –

– दीर्घकालिक संरक्षण से संबंधित नियमों और अवधारणाओं की सामान्य रूपरेखा बनाना,
– डिजिटल अभिलेख, उसके वातावरण और उसकी सूचनाओं का एक संदर्भ मॉडल तथा एक कार्यात्मक मॉडल बनाना, जिसके मानदण्ड पर किसी भी अन्य डिजिटल अभिलेखागारों की तुलना की जा सके,
– एक डिजिटल अभिलेख की तकनीकी, संगठनात्मक संरचना, तथा उसकी प्रतिबद्धताओं की आवश्यकताओं को रेखांकित करना ताकि वे अपने ग्राहकों को, यानि नामित समुदाय को दीर्घकालिक संरक्षण सेवाएँ प्रदान कर सकें।

इसकी रिपोर्ट, जिसे 'ब्लूबुक' कहा जाता है, जनवरी 2002 में आई थी, उसे बाद में ISO मानक, ISO–14721, के रूप में अपनाया गया। उसका एक संशोधित और अद्यतन संस्करण वर्ष 2012 में ISO मानक, ISO–14721:2012, के रूप में प्रकाशित किया गया। इस मानक के अनुसार संदर्भ मॉडल की मुख्य संकल्पना एक ओपन अभिलेखीय सूचना प्रणाली (OAIS) की है। एक OAIS आधारित अभिलेखागार को कम से कम 6 निम्नलिखित उत्तरदायित्व निभाने पड़ते हैं, और वे हैंः अभिलेख का समावेशन (इनजेस्ट), अभिलेखीय भंडारण, डेटा प्रबंधन, दीर्घकालीन संरक्षण योजना, अभिलेखों की उपलब्धता तथा उनका प्रशासन।

ट्रस्टेड डिजिटल रिपॉजिटरी

किसी प्रणाली की विश्वसनीयता का माप है कि वह अपने उद्देश्यों और अपनी विशिष्टताओं (specifications) के अनुरूप संचालन करने में कितना सक्षम है, यानी वह कितना कार्य अपने किये गए दावे के अनुरूप करता है। किसी भी डिजिटल रिपॉजिटरी की विश्वसनीयता का निर्धारण करने के लिये अनेक मुद्दों का आकलन जरूरी है, और वे हैं: डिजिटल डेटा की अखंडता, प्रामाणिकता, और उनकी गोपनीयता बनाये रखना; डेटा की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए डिजिटल ऑब्जेक्ट्स का प्रबंधन; तकनीकी बुनियादी अधोसंरचना और डेटा सुरक्षा के उपाय; तथा डिजिटल संरक्षण की प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए उचित संस्थागत अधोसंरचना। संक्षेप में, एक ट्रस्टेड डिजिटल रिपॉजिटरी, डिजिटल डेटा से संबंधित सभी संभावित खतरों तथा अन्य जोखिमों को समझता है जैसे, मीडिया, सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर की विफलता; संचार त्रुटियों और संचार नेटवर्क की विफलता; मीडिया, सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर प्लेटफार्मों का अप्रचलन; मानवीय भूल, आंतरिक और बाहरी खतरे; संगठनात्मक विफलता आदि। एक डिजिटल रिपॉजिटरी स्वयम् को विश्वसनीय बनाने के लिये संगठनात्मक संरचना में बदलाव लाता है ताकि वह उपरोक्त जोखिमों का भलि भांति प्रबंधन कर सके।

तृतीय पक्ष द्वारा किसी डिजिटल रिपॉजिटरी का मूल्यांकन और उसका प्रमाणन उस डिजिटल रिपॉजिटरी और उसके उपयोगकर्ताओं के बीच एक उच्च स्तर का विश्वास सुनिश्चित करता है। एक डिजिटल रिपॉजिटरी, उसे दिये गए किसी भी डिजिटल दस्तावेज का संग्रह और संरक्षण करता है ताकि उसकी उपलब्धता भविष्य के लिए सुनिश्चित हो सके। एक डिजिटल भंडार का प्रमाणीकरण वस्तुतः इन सभी अवयवों/घटकों का प्रमाणीकरण है:

(i) संगठन के अभिलेखीय कार्यक्रम,

(ii) अभिलेखीय प्रक्रिया,

(iii) संगृहीत डेटा, और

(iv) रिपॉजिटरी के प्रबंधन में कार्यरत सभी अभिलेखीय विशेषज्ञ। उपरोक्त सभी प्रयासों के बाद

सीआरएल (CRL) आरएलजी/एनएआरए RLC/NARA टास्क फोर्स ने (जिसके सह–अध्यक्ष सीआरएल (CRL) और 'ओसीएलसी (OCLC) हैं), फरवरी 2007 में ट्रस्टेड डिजिटल रिपॉजिटरी का पहला संस्करण प्रकाशित किया गया। बाद में, एक अंतर्राष्ट्रीय ऑडिट और प्रमाणन प्रक्रिया की दिशा में एक ऑडिट चेकलिस्ट का उपयोग करके एक मानदंड स्थापित किया गया। इसके प्रमाणन के लिए एक संशोधित और अद्यतन संस्करण वर्ष 2012 में एक मानक ISO 16363:2012 'Trustworthy Digital Repository: Establishing Audit and Certification Criteria towards an International Audit & Certification Process using Checklist for Audit and Certification' के रूप में प्रकाशित किया गया।

ISO/IEC 27000:2018 सूचना सुरक्षा प्रबंधन प्रणालियों (ISMS) का अवलोकन प्रदान करता है। यह आमतौर पर मानकों के आईएसएमएस परिवार में उपयोग किए जाने वाले नियम और परिभाषाएं भी प्रदान करता है। यह दस्तावेज सभी प्रकार और आकार के संगठन (जैसे वाणिज्यिक उद्यम, सरकारी एजेंसियां, गैर–लाभकारी संगठन) पर लागू होता है। संस्थागत मूल्यवान जानकारी को अच्छे व्यावसायिक कारणों से व्यवस्थित रूप से सुरक्षित रखने और वैध तरीके से उपयोग करने का प्रावधान ISO27K में है।

ISO/IEC 27000 पहली बार 2009 में प्रकाशित हुआ था और 2012, 2014, 2016 और 2018 में अपडेट किया गया था। वर्तमान 2018 पांचवां संस्करण ITTF से अंग्रेजी और फ्रेंच भाषा में उपलब्ध है। यह 2016 के चौथे संस्करण का एक छोटा सा संशोधन था जिसमें संक्षिप्तीकरण पर एक अनुभाग था, और आईएसओ/आईईसी 27004 के 2016 के पुनर्लेखन के बाद मेट्रिक्स–संबंधित परिभाषाओं का युक्तिकरण था। 27000 का छठा संस्करण का कार्य–प्रगति पर है। इसका संभावित शीर्षक "सूचना सुरक्षा, साइबर सुरक्षा और गोपनीयता सुरक्षा – सूचना सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली – अवलोकन" है।

ऑडिट और प्रमाणन के लिए चेकलिस्ट में तीन खंड हैं: संगठनात्मक संरचना, डिजिटल ऑब्जेक्ट प्रबंधन, और प्रौध्योगिकी संरचना और सुरक्षा। एक विश्वसनीय डिजिटल रिपॉजिटरी को प्रलेखन, पारदर्शिता, पर्याप्ता और मापनीयता से संबंधित सभी मानदंडों पर खरा उतरना पड़ता है। दीर्घकालिक डिजिटल संरक्षण के लिए अपनी प्रतिबद्धता के विरुद्ध लेखा परीक्षकों द्वारा मूल्यांकन के लिये रिपॉजिटरी के सभी परिचालन चरणों के दस्तावेजों का होना अनिवार्य है।

संरक्षण और सुरक्षा संबंधित अपनी सभी प्रक्रिया में एक डिजिटल रिपॉजिटरी को पारदर्शी होने की जरूरत है ताकि सभी कथित खतरों और जोखिमों के खिलाफ अपनी विश्वसनीयता पर अधिकार जताया जा सके। एक रिपॉजिटरी को आवधिक निगरानी (periodic surveillance) ऑडिट से सालाना गुजरना पड़ता है, और तीन साल के बाद इन्हें पुन: प्रमाणन कराना पड़ता है। प्राइमरी ट्रस्टेड डिजिटल रिपोजिटरी ऑथराइजेशन बॉडी लिमिटेड (Primary Trusted Digital Repository Authorization Body Ltd. - PTAB), यूनाइटेड किंगडम एकमात्र निकाय है जिसे टीडीआर की ऑडिटिंग और प्रमाणित करने के लिए नेशनल एक्रिडिटेशन बोर्ड फॉर सर्टिफिकेशन बॉडी (National Accreditation Board for Certification Body - NABCB) द्वारा अनुमोदित किया गया है।

संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की राष्ट्रीय सांस्कृतिक दृश्य–श्रव्य अभिलेखागार (National Cultural Audio-visual Archive – NCAA) परियोजना ('http://ncaa.gov.in/repository/'), जिसे इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र 'http://ignca-gov-in' ने सी–डैक पुणे के तकनीकी सहयोग से कार्यान्वित किया है, उस अभिलेखागार को नवंबर 2017 में आईएसओ 16363:2012 प्रमाणित ट्रस्टेड डिजिटल रिपॉजिटरी बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ जो दुनिया का सबसे पहला प्रमाणित ट्रस्टेड डिजिटल रिपॉजिटरी है।

राष्ट्रीय सांस्कृतिक दृश्य–श्रव्य अभिलेखागार के लिए प्रयुक्त डेटा प्रबंधन

पिछले छह दशकों में बनाई गई भारत की सांस्कृतिक संपदा का एक बड़ा हिस्सा विभिन्न सरकारी, गैर–सरकारी संस्थानों और निजी संग्रहों में दृश्य–श्रव्य रूप में संगृहीत है। इनमें भारत के कई महान कलाकारों के दुर्लभ रचनाओं का भण्डार है। यह एक अमूल्य राष्ट्रीय धरोहर है जिसे सदैव संरक्षित रखने के साथ–साथ देश के नागरिकों के लिए उपलब्ध कराने का भी उत्तरदायित्व है। संगृहीत माध्यम की नाजुकता के साथ साथ जागरूकता की कमी एवम् उचित रखरखाव तथा व्यवस्थित और आधुनिक संरक्षण प्रौद्योगिकियों के अभाव मे इन सामग्रियों का हमेशा के लिए खो जाने का खतरा सतत बना हुआ है। मुद्दे की गंभीरता को समझते हुए, संस्कृति मंत्रालय ने 12वीं पंचवर्षीय योजना में सांस्कृतिक दृश्य–श्रव्य सामग्रियों के संग्रह के लिए एक परियोजना का प्रस्ताव रखा गया जिसे राष्ट्रीय सांस्कृतिक दृश्य–श्रव्य अभिलेखागार (National Cultural Audio-visual Archive – NCAA) परियोजना के रूप में कार्यान्वयन करने के लिए इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र (Indira Gandhi National Center for Arts – IGNCA) को मंजूरी दे दी गई।

परियोजना के प्रारंभिक (पायलट) चरण में देश भर के कई सरकारी और गैर–सरकारी संस्थानों से अप्रकाशित और गैर–व्यावसायिक ऑडियो–वीडियो रिकॉर्डिंग का चुनाव किया गया है और इस 31,500 घंटे के ऑडियो–वीडियो रिकॉर्डिंग को डिजिटाईज किया गया है। भारतीय सांस्कृतिक विरासत की इन रिकॉर्डिंग्स को जन–जन तक पहुंचाने के लिये इसे http://ncaa.gov.in वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन उपलब्ध कराया गया है। मुख्यतः कलाकारों, शोधकर्ताओं, छात्रों और विद्वानों वृत्तचित्र तथा फिल्म निर्माताओं, फिल्म और टेलीविजन कलाकारों, लेखकों, GLAM (गैलरी, पुस्तकालय, अभिलेखागार और संग्रहालय) पेशेवरों एवम् संस्कृति पिपासुओं के लिए यह राष्ट्रीय सांस्कृतिक दृश्य–श्रव्य अभिलेखागार एक अमूल्य संसाधन के रूप में प्रतिष्ठित हुआ है।

राष्ट्रीय सांस्कृतिक दृश्य–श्रव्य अभिलेखागार की डिजिटल रिपॉजिटरी को सी–डैक, पुणे के डिजिटल संरक्षण उत्कृष्टता केंद्र (Centre for Excellence for Digital Preservation) के सहयोग से विकसित किया गया है जिसे बनाने में विश्व स्तर पर अपनाए जाने वाले ओपन आर्काइवल इंफॉर्मेशन सिस्टम (OAIS) संदर्भ मॉडल का अनुपालन किया गया है। इस रिपॉजिटरी के ऑनलाइन पहुँच को सहज बनाने के लिये आवश्यक आधारिक संरचना राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (National Informatics Centre - NIC) ने उपलब्ध कराया है। डिजिटाइजेशन और मेटाडेटा के मानक, इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ साउंड एंड दृश्य–श्रव्य आर्काइव्स (Intrenation Association of Sound & Audio-visual Archives - IASA) और डबलिन कोर द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप हैं।

राष्ट्रीय सांस्कृतिक दृश्य–श्रव्य अभिलेखागार का उद्देश्य भारत की मौखिक परंपराओं, प्रदर्शन कलाओं, आनुष्ठानिक और सांस्कृतिक प्रदर्शनों और भारतीय पारंपरिक ज्ञान के दृश्य–श्रव्य संग्रह की दीर्घकालिक उपलब्धता को सुनिश्चित करना है। जैसा कि ऊपर बताया गया है, इसे ISO प्रमाणित ट्रस्टेड डिजिटल रिपॉजिटरी के रूप में प्रमाणित किया गया है। ट्रस्टेड डिजिटल रिपॉजिटरी प्रमाणीकरण के अन्तर्गत इसकी डेटा संग्रहण नीति और आपदा रिकवरी योजना को ऑडिट प्रक्रिया के माध्यम से मंजूरी दी गई।

राष्ट्रीय सांस्कृतिक दृश्य–श्रव्य अभिलेखागार के संपूर्ण डेटा प्रबंधन की योजना को चित्र 2 में दर्शाया गया है। जैसा दर्शाया गया है, डिजिटल डेटा के संग्रहण में अभिलेखीय गुणवत्ता और उपलब्धता गुणवत्ता (संपीड़ित, छोटे आकार का – जो अभिलेखीय डेटा से बनाया गया) को ध्यान में रखा गया है। जहाँ अभिलेखीय गुणवत्ता आगे के शोध और संपादन के लिए जरूरी है, वहीं उपलब्धता गुणवत्ता ऑनलाइन पहुँच के लिए आवश्यक है।



चित्र 2. NCAA डेटा प्रबंधन योजना

प्रत्येक डिजिटल ऑब्जेक्ट में

(i) ऑडियो–वीडियो डेटा (अभिलेखीय / उपलब्धता गुणवत्ता),

(ii) मेटाडेटा एक्सएमएल में,

(iii) भौतिक स्थिति का मूल्यांकन रिपोर्ट, और

(iv) डिजिटलीकरण और गुणवत्ता जांच रिपोर्ट शा. मिल है।

ऑनलाइन डेटाबेस से अभिलेखीय डेटा और उपलब्धता गुणवत्ता की जरूरतें पूरी हो जाती हैं।

उपलब्धता गुणवत्ता वाले डेटा को दो समान हार्ड ड्राइव के सेट में रखा जाता है। पहला सेट उस भागीदार संस्थान के पास जमा कर दिया जाता है जिसके पास से यह मूल डेटा आया है। दूसरा सेट परियोजना प्रबंधन इकाई (Project Management Unit - PMU) के पास जमा कर दिया जाता है। परियोजना प्रबंधन इकाई में डेटा को कॉपी किया जाता है और इसे डेटाबेस के साथ समाहित कर दिया जाता है जो राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र के क्लाउड पर रखा है। जब इसे अधिकृत निदेशक द्व ारा एप्लिकेशन के माध्यम से प्रकाशित कर दिया जाता है तो यह जनता के लिए उपलब्ध हो जाता है। राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र के क्लाउड की एक डुप्लिकेट प्रति राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र के डिजास्टर रिकवरी साइट पर रखी जाती है। इसकी एक प्रति इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र के स्थानीय सर्वर पर भी रखी गई है, जिसे समय–समय पर राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र के क्लाउड से अद्यतन किया जाता है। उपलब्धता गुणवत्ता वाले डेटा के उपरोक्त तीन सेट और डिजिटाइजेशन एजेंसी से प्राप्त हार्ड ड्राइव के दो सेट के अलावा, इन्दिरा गाँध ी राष्ट्रीय कला केन्द्र के स्थानीय सर्वर पर रखी डेटा से भंडारण के लिए दो ऑफलाइन डेटा सेट (Linear Tape-Open – LTO) एलटीओ टेप में बनाए जाते हैं। ये दो ऑफलाइन डेटा सेट अलग–अलग स्थानों पर जो विभिन्न भूकंपीय क्षेत्रों में हों, रख दिये जाते हैं जैसा चित्ररूप में दर्शाया गया है। अभिलेखागारों के भंडारों का वातावरण नियंत्रित रहता है ताकि टेप खराब न हो जाँय, और वहाँ अधिकरियों की पहुँच भी प्रतिबंधित रहती है।

चूकि राष्ट्रीय सांस्कृतिक दृश्य–श्रव्य अभिलेखागार को विश्वसनीय डिजिटल रिपॉजिटरी प्रमाणन मिले अभी कुछ ही वर्ष बीते हैं जिसके चलते डेटा संरक्षण से जुड़ी कुछ गतिविधियों को, जैसे एलटीओ टेप को पुराने संस्करण से नए संस्करण में स्थानांतरित

करना, शुरू नहीं किया गया है। अभिलेखागार द्व ारा अपनाई गई प्रक्रिया में डेटा पुनःप्राप्ति के लिए पर्याप्त समय हैं। इसलिए, डिजिटल डेटा की डिजास्टर रिकवरी के लिए एक रिपॉजिटरी को आज के समय में ट्रस्टेड डिजिटल रिपॉजिटरी के रूप में विकसित करना ही सबसे अच्छा समाध ाान है।

निष्कर्षः

डिजिटल डेटा के नाजुक प्रकृति को ध्यान में रखते हुए उसकी रिपॉजिटरी लिये एक आपदा प्रबंधन योजना का होना अत्यन्त आवश्यक है ताकि उनका दीर्घकालिक संरक्षण किया जा सके। डिजिटल डेटा के दीर्घकालिक संरक्षण की दिशा में 'ट्रस्टेड डिजिटल रिपॉजिटरी' (टीडीआर) एक सुस्थापित प्रक्रिया है। प्रयास यह होना चाहिए कि सभी महत्वपूर्ण डेटा किसी न किसी प्रमाणि ात ट्रस्टेड डिजिटल रिपॉजिटरी में संरक्षित हो, जो किसी भी आपदा की स्थिति में अपने डेटा भंडार का दीर्घकालीन संरक्षण करने में सक्षम है। चूकि किसी भी ट्रस्टेड डिजिटल रिपॉजिटरी के विफल होने की संभावना संस्थागत कारणों से हो ही सकती है, इसके चलते एक 'पूरक ट्रस्टेड डिजिटल रिपॉजिटरी' की अवधारणा विकसित की गई है जो डेटा संरक्षण की दृष्टि से मुख्य ट्रस्टेड डिजिटल रिपॉजिटरी का एक विश्वसनीय उत्तराधिकारी के रूप में कार्य कर सके। यह पूरक ट्रस्टेड डिजिटल रिपॉजिटरी मुख्य ट्रस्टेड डिजिटल रिपॉजिटरी के संपूर्ण डेटा की एक प्रतिलिपि अपने यहाँ रखती है। व्यवहारिक दृष्टिकोण से यह अवधारणा विकसित हुई है कि विभिन्न ट्रस्टेड डिजिटल रिपॉजिटरी एक–दूसरे के साथ एक नेटवर्क में जुड़े रहे और साथ साथ वे एक दूसरे के लिये पूरक ट्रस्टेड डिजिटल रिपॉजिटरी का भी रोल निभायें। ट्रस्टेड डिजिटल रिपॉजिटरियों का नेटवर्क ही आज के इतिहास को भविष्य में सुरक्षित रख सकेगा।

शोध पत्र में प्रयुक्त अंग्रेजी शब्दों की समानार्थक हिंदी शब्दावली

Alphabetically sorted terminology in English	वर्णमाला अनुक्रमित हिंदी शब्दावली
Access Quality	एक्सेस क्वालिटी / एक्सेस गुणवत्ता
Archival Quality	अभिलेखीय गुणवत्ता / आर्काईवल क्वालिटी
Digital Archive	डिजिटल आर्काईव्स / डिजिटल लेखागार
Digital Preservation	डिजिटल संरक्षण
Disaster Management	आपदा प्रबंधन
Emulation	एम्यूलेशन, अनुकरण
Encapsulation	एनकैप्सुलेशन, संपुटीकरण
GLAM - Gallery, Library, Archive and Museum	GLAM – दीर्घा, पुस्तकालय, अभिलेखागार एवं संग्रहालय के समूह को निर्देशित करता है, जो सांस्कृतिक विरासतों का संरक्षण व प्रसार करते हैं।
International Association of Sound and Audiovisual Archives (IASA)	इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ साउंड एंड ऑडियोविसुअल आर्काइव्स (आईएएसए)
Metadata - Information about content	मेटाडेटा
Migration	माइग्रेशन,प्रवजन
National Cultural Audiovisual Archives (NCAA)	नेशनल कल्चरल दृश्य–श्रव्य आर्काईव्स
Offline data centre	ऑफलाईन डेटा सेंटर
Open Archive Information System (OAIS) Reference Model	ओपन–आर्काइव इन्फॉर्मेशन सिस्टम रेफरेंस मॉडल

Open format	ओपेन फॉर्मेट
Open Platform	ओपेन प्लेटफॉर्म
Refreshing	रिफ्रेशिंग
Replication	रिप्लीकेशन, प्रतिकृति
Standards for Digitization	डिजिटलीकरण का मानक
Trusted Digital Repository (TDR)	ट्रस्टेड डिजिटल रिपोजिटरी (टीडीआर)
Trustworthy Digital Repository (TDR)	ट्रस्टवर्दी डिजिटल रिपोजिटरी (टीडीआर)

संदर्भः

1. Survey Report of World Economic Forum 2019. Available at: https://www.weforum.org/agenda/2019/04/how-much-data-is-generated-each-day-cf4bddf29f/
2. https://en.wikipedia.org/wiki/GLAM_(cultural_heritage)
3. The World Economic Forum (WEF), The Global Risks Report 2023, 18th Edition, https://www3.weforum.org/docs/WEF_Global_Risks_Report_2023.pdf
4. Goodman, Paul. 16 Advantages of Digital Technology. Available at: https://turbofuture.com/computers/Advantages-of-Digital-Technology
5. Sinha, Mukul K. Digital repository: audit & certification - study report on digital preservation in India; conducted by National Digital Preservation Program, Government of India. 2008.
6. Lavoie, Brian. The Open Archival Information System (OAIS) Reference model: introductory guide. 2nd ed. UK: Digital Preservation Coalition, 2014.
7. Gladney, Henry M. Preserving digital information. Heidelberg: Springer, 2007. ISBN 978-3540378877
8. The National Cultural Audiovisual Archives http://ncaa.gov.in/repository/
9. Standards for Trustworthy Digital Repositories, http://www.iso16363.org
10. https://www.cdac.in/index.aspx?id=mc_hc_national_digi_pre
11. http://www.iso16363.org/first-repository-in-the-world-has-been-awarded-iso-16363-certification/
12. http://www.iso16363.org/iso-certification/certified-clients/united-states-government-publishing-office/
13. Standards for information security management systems, https://www.iso27001security.com/html/27000.html

प्रतिक्रियाएं / **Feedback**

विज्ञान प्रकाश पत्रिका के द्वारा हिन्दी में शोध पत्रों के प्रकाशन को अंग्रेजी भाषा के शोध पत्रों के बराबर महत्व प्रदान करने हेतु हार्दिक आभार ।

विज्ञान प्रकाश पत्रिका द्वारा वृहत् एवं त्वरित समीक्षा प्रक्रिया के माध्यम से शोध आलेखों की गुणवत्ता को जाना तथा न्यूनतम संभव समय में आलेखों का प्रकाशन सुनिश्चित किया जाना इसकी प्रमुख विशेषता लगी ।

-Pankaj Jakhar (Research Scholar), Indian Institute of Technology, Jodhpur
Jakhar.2@iitj.ac.in

मैं राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के दृष्टिकोण के अनुरूप प्रतिष्ठित यूजीसी केयर पत्रिका "विज्ञान प्रकाश" में "क्लस्टर आकार और डेटासेट में परिवर्तन करके बायोडाटा वर्गीकरण पर के–मीन्स और रैंडम फॉरेस्ट का प्रभाव विश्लेषण" शीर्षक से अपना शोध लेख प्रकाशित करने के अवसर के लिए अपना हार्दिक आभार व्यक्त करने के लिए लिख रहा हूं। जो भारतीय भाषाओं के प्रचार और विकास पर महत्वपूर्ण महत्व देता है। मैं हिंदी में वैज्ञानिक अनुसंधान और विद्वतापूर्ण संचार को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता के लिए "विज्ञान प्रकाश" की सराहना करता हूं, जिससे एनईपी 2020 में उल्लिखित व्यापक लक्ष्यों में योगदान मिलता है। एनईपी शिक्षा और अनुसंधान में शिक्षा और संचार के माध्यम के रूप में हिंदी सहित क्षेत्रीय भाषाओं को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर देती है। निर्बाध प्रकाशन प्रक्रिया और सहकर्मी–समीक्षा चरण के दौरान प्राप्त रचनात्मक प्रतिक्रिया वैज्ञानिक साहित्य में उच्च मानकों को बनाए रखने के लिए पत्रिका के समर्पण का संकेत है। मैं एनईपी 2020 द्वारा निर्धारित सिद्धांतों का पालन करने में संपादकीय टीम के प्रयासों की सराहना करता हूं, जो एक मजबूत और समावेशी शैक्षिक पारिस्थितिकी तंत्र के विकास में स्वदेशी भाषाओं के महत्व को पहचानता है। शोधकर्ताओं को हिंदी में योगदान देने के लिए एक मंच प्रदान करके, "विज्ञान प्रकाश" न केवल एनईपी 2020 के लक्ष्यों का समर्थन करता है, बल्कि अकादमिक प्रवचन में भाषाई विविधता के कारण को आगे बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मुझे विश्वास है कि "विज्ञान प्रकाश" में मेरा प्रकाशित लेख न केवल वैज्ञानिक ज्ञान की उन्नति में योगदान देगा, बल्कि एनईपी 2020 की व्यापक पहल के साथ भी संरेखित होगा। अनुसंधान और शिक्षा में भारतीय भाषाओं के उपयोग पर जोर अधिक समावेशी और सांस्कृतिक रूप से निहित शैक्षणिक परिदृश्य के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एक बार फिर, मैं हिंदी में वैज्ञानिक साहित्य को बढ़ावा देने के प्रति समर्पण और एनईपी 2020 में उल्लिखित परिवर्तनकारी दृष्टिकोण के अनुरूप एक मंच प्रदान करने के लिए संपादकीय टीम की सराहना करता हूं। विद्वान समुदाय के लिए "विज्ञान प्रकाश" के अमूल्य योगदान और एनईपी 2020 की आकांक्षाओं के साथ जुड़ने के लिए धन्यवाद।

-Dr. Vinayak D. Shinde, Shree L. R. Tiwari College of Engineering, Thane, Maharashtra,
vdshinde@gmail.com

मैं समीक्षकों तथा सम्पूर्ण विज्ञान प्रकाश शोध पत्रिका से जुड़े हुए सभी सदस्यों को शोध पत्र के प्रकाशन में मिले बहुमूल्य सुझावों तथा मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त करता हूँ। उनका प्रोत्साहन एवं निर्देशन निस्संदेह मुझे भविष्य में क्षेत्रीय भाषा में शोध पत्र लिखने के लिए प्रेरित करेगा।

-Dr. G. C. Chikute, AISSMS College of Engineering, Pune chikute.ganesh@gmail.com

---

Vision: High-Tech research to reach out widely promoting inclusive innovation and entrepreneurship

Mission: Publication of quality research articles in Hindi in Sciences (Physics, Chemistry, Mathematics, Bio-science, Medical Science, AYUSH, Management Science, Agriculture and Environment), Engineering and Technology, and promoting creative ideas for innovation, incubation and entrepreneurship.

Submission: Title, author affiliation, abstract and keywords be in both Hindi and English, and references as they are originally referred to. Overview articles and research papers must be **original without plagiarism**. Authors need to mention three or more subject experts also from different institutions to review the submitted article. Articles may be submitted to Editor@VigyanPrakash.in

List of Review Coordinators (Excellently coordinated with reviewers for critical review.)

- **Dr. Mrs. Swami Vidula A.**
  Professor, Dept. of Civil Engineering,
  KIT College of Engineering,
  Kolhapur, Maharashtra
  vidulaswami@gmail.com
- **Dr. Rahul Bhardwaj**
  Assistant Professor,
  Agriculture Research Station, Mandor
  Jodhpur, Rajasthan
  bhardwajrahul4u@gmail.com
- **Dr. Anil Kumar Sharma**
  Regional Education Officer,
  Bharatiya Vidhya Bhawan,
  New Delhi
  draksharma7@gmail.com
- **Dr. Rajesh Kumar Kaushal, Prof. & Head**
  Institute of Engineering & Science,
  IPS Academy,
  Indore
  hod.chemical@ipsacademy.org
- **Dr. Pratik Kalani**
  Department of Computer Engineering,
  D J Sanghvi College of Engineering,
  Vile-Parle (W), Mumbai, Maharashtra
  Pratik.kanani@djsce.ac.in

भाषा सुधार (Language Comprehension)

- **Prof. K. K. Mishra**
  Homi Bhabha Center for Science Education,
  TIFR, Mumbai
  kkm@hbcse.tifr.res.in

- - - List of Reviewers - - -

- **Dr. Mukul Sinha**
  Chairman cum Managing Director,
  Expert Software, Noida, Uttar Pradesh
  mukulsinha@gmail.com
- **Prof. Dr. Suhas Patil**
  Prof. Dept. of Computer Engineering,
  BVU College of Engineering,
  Pune, Maharashtra
  shpatil@bvucoep.edu.in
- **Dr Vikram Rajpoot**
  MITS, Gwalior, Madhya Pradesh
  vikramraj@mitsgwalior.in
- **Dr. Lokesh Kumar Meena**
  College of Agriculture,
  Kota, Rajasthan
  Lokesh.mn04@gmail.com
- **Dr. Brijesh Kumar Mishra**
  Principal Scientist (Agricultural Microbiology)
  ICAR-Indian Agricultural Research Institute,
  Pusa, New Delhi
  bkmmicro@gmail.com
- **Dr. R. S. Karale**
  Bhivarabai Sawant College of Engg. & Research,
  Narhe, Pune, Maharashtra
  rahuljspm@gmail.com
- **Dr. Rohan V. Nalawade**
  KIT College of Engineering,
  Kolhapur, Maharashtra
  nalawade.rohan@kitcoek.in
- **Dr. Shashiranjan Kumar**
  MITM, Indore
  shashiranja167@gmail.com
- **Dr. Dinesh Katre**
  Former Director, C-DAC
  Pune, Maharashtra
  dineshkatre2009@gmail.com
- **Prof. Dr. Satish Y Ket**
  Prof. Dept. of Computer Engineering,
  Rajiv Gandhi Institute of Technology,
  Mumbai, Maharashtra
  satish.ket@mctrgit.ac.in
- **Dr. Ishwar Singh**
  College of Agriculture, Nagaur, Rajasthan
  iskajala@gmail.com
- **Dr. Kailash Chandra**
  College of Agriculture,
  Sikar, Rajasthan
  kailash5026@gmail.com
- **Dr Sourav Debnath**
  Swami Vivekanand Institute of Science & Tech.
  Rajpur Sonarpur,
  Kolkata, West Bengal
  souravdebnath262@gmail.com
- **Dr. Anand B. Tapse**
  Karmaveer Bhaurao Patil College of Engineering
  Satara, Maharashtra
  tapaseanand@gmail.com
- **Dr. S. M. Narulkar**
  SGSITS,
  Indore, Madhya Pradesh
  snarulkar@gmail.com
- **Dr. R. K. Agarwal**
  VNS College, Bhopal
  rkagrawal0017@gmail.com

श्रीमन्त शंकरदेव की असमिया रचना "कीर्तन-घोषा" के "वैकुण्ठ-प्रयाण" से संकलित-

ব্রাহ্মণৰ চাণ্ডালৰ নিবিচাৰি কুল। দাতাত চোৰত যেন দৃষ্টি একতুল।।
নীচত সাধুত যাৰ ভৈল একজ্ঞান। তাহাকেসে পণ্ডিত বুলিয় সৰ্ব্বজন॥ 1821॥

ब्राह्मनर चांडालर निबिचारि कुल। दातात सोरत येन दृष्टि एकतूल।।
नीसत साधूत यार भैल एकज्ञान। तहाकेसे पंडित बूलिय सर्व्वजन।।

विद्वान् वे हैं, जो मनुष्यमात्र को अभेद-दृष्टि से देखते हों, जो दानी और चोर को सम-दृष्टि से देखते हों, और जो साधु अथवा नीच दोनों के प्रति, समभाव रखते हों।
The wise person doesn't discriminate between different castes, professions, or pursuits.

বিশেষত মনুষ্যগণত যিটো নৰে। বিষ্ণুবুদ্ধিভাৱে সৰ্ব্বদায়ে মান্য কৰে।।
ঈৰিষা অসূয়া তিৰস্কাৰ অহঙ্কাৰ। সৰে নষ্ট হোৱৈ তেৰে তাৰক্ষণে তাৰ॥ 1822॥

विशेखत मनुष्यगनत यितौ नरे। विष्णुबुद्धिभावे सर्व्वदाये मान्य करे।।
ऐरिखा असूया तिरस्कार अहंकार। सबे नष्टे होबे तेवे तारक्षने तार।।

जो मनुष्य का विशेष आदर करते हुए, उन्हें विष्णु स्वरूप मानते हैं; वे ईर्ष्या, द्वेष, अहंकार, एवं तिरस्कार रूपी अमंगलकारी बाधाओं से छुटकारा पा लेते हैं।
The man who pays special respect to the human beings and treats them always as God Vishnu, instantly frees himself from the snares of evils, like, jealousy, enmity, ego, or opprobrium.

কুকুৰ শৃগাল গদভৰো আত্মাৰাম। জানিয়া সৱাকো পৰি কৰিবা প্রণাম।। 1823॥

कूकूर शृगाल गदर्भरो आत्माराम। जानिया सबको परि करिबा प्रणाम ॥

कुत्ता, चाण्डाल, अथवा गदहा, राम सभी के आत्मतत्त्व के रूप में अवस्थित हैं। इसी ज्ञान के साथ सबके चरणों में प्रणाम करो।
Ram dwells uniformly in a dog, a Chandal, or a donkey.
Keeping this in mind, offer prostrations at the feet of all the creatures.

श्रीमन्त शंकरदेव (पंद्रहवीं-सोलहवीं शताब्दी) असमिया भाषा के प्रसिद्ध समाज-सुधारक, कवि, नाटककार, गायक, नर्तक और समाज में नव-चेतना के प्रवर्तक थे। उन्होंने नव-वैष्णव संप्रदाय का प्रचार किया एवं कई ग्रन्थों की रचना की। उपर्युक्त अंश उनकी रचना "कीर्तन-घोषा" के "वैकुण्ठ-प्रयाण" अध्याय से संकलित किए गए हैं।

Contributor: Ripunjay Kumar Thakur, Project Associate, Kala Kosha, IGNCA